कार्तिक, पक्ष - कृष्ण, तिथि - सप्तमी, संवत 2081 जयपुर, बुधवार वर्ष-10, अंक-34, 23 अक्टूबर - 29 अक्टूबर, 2024 मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/- पृष्ठ : 8

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

शुभ दीपोत्सव

jagrukjanta.net



जागरूक जनता
ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर देखें
jagrukjanta.net

महालक्ष्मी पूजन : कुछ व्यापारिक संगठन एक नवंबर को मनाएंगे दिवाली

# गोविंद देवजी सहित सैंकड़ों मंदिरों में दिवाली 31 को

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** छोटीकाशी के लगभग सभी मंदिरों में दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। आराध्यदेव ठाकुर श्री गोविन्ददेवजी मंदिर में दीपावली 31 अक्टूबर को होने से लगभग सभी मंदिरों ने इसी दिन दीपावली मनाने की घोषणा की है। डेढ़ सौ से अधिक मंदिरों ने 31 अक्टूबर को दिवाली मनाने की घोषणा करते हुए मंदिर में पोस्टर भी लगा दिए हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि ज्यादातर जयपुरवासी इसी दिन दीपोत्सव मनाएंगे। वहीं, व्यापारी दोनों दिन दीपावली मनाएंगे। कुछ व्यापारिक संगठनों ने तो एक नवंबर को दिवाली मनाने की घोषणा कर दी है। व्यापारिक संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों का कहना है कि अगर 31 अक्टूबर को दिवाली मनाते तो अगले दिन यानी एक नवंबर को दकुान-प्रतिष्ठान बंद रखने पड़ते। कर्मचारी-श्रमिक छुट्टी पर चले जाएंगे। ऐसे में व्यापारियों को नुकसान होगा। इसलिए महासंघ ने एक नवंबर को दिवाली मनाने का फैसला किया है। धनतेरस 29 अक्टूबर को मनाई जाएगी।

### छोटी काशी अधिकतर मंदिरों में 31 अक्टूबर को मनाया जाएगा दीपोत्सव

1. श्रीगोविंददेवजी, श्री गोपीनाथजी, श्रीराधादामोदर जी, श्री झारखंड महादेव, श्री शिला माता, श्री गढ़ गणेश जी, श्री सरस निकुंज, श्री त्रिवेणी धाम खोजीपीठ शाहपुरा, मंदिर श्री हनुमान जी चांदपोल, मंदिर श्री ताडक़े श्वर जी चौड़ा रास्ता, दुर्गामता मंदिर दुर्गापुरा, मंदिर श्री गंगा जी गोविन्ददेव जी के पास, मंदिर श्री गोपाल जी गाडीवालान पुरानी बस्ती, मंदिर श्री गोवर्धननाथ जी हवामहल के पास, श्री काले हनुमान जी चांदी की टकसाल, श्री घाट के बालाजी गलता घाटी, मंदिर श्री जानकी वल्लभ जी छोटी चौपड़, मंदिर श्री कल्कि जी सिरह ड्योढी बाजार, मंदिर श्री लक्ष्मीनारायण जी सिटी पैलेस, मंदिर श्री आनन्दकृष्ण बिहारी जी त्रिपोलिया, मंदिर श्री लक्ष्मीनारायण जी बाई जी बडी चौपड़, मांजी सा की धर्मशाला चांदपोल दरवाजे के पास, मंदिर श्री मदन मोहन जी, हवामहल के सामने, मंदिर श्री सरसबिहारी जी कलवाडा, मंदिर श्री विश्वेश्वर जी ताडक़े श्वर जी के मंदिर चौड़ा रास्ता, मंदिर श्री मेहताबबिहारी जी त्रिपोलिया बाजार, मंदिर श्री मुरलीमनोहर जी गणगौरी बाजार, मंदिर श्री नवलकिशोर जी बाबा हरिशचन्द्र मार्ग, मंदिर श्री प्रतापेश्वर जी त्रिपोलिया, चांदनी चौक, मंदिर श्री राधादामोदर जी रामगंज बाजार, मंदिर श्री बालमुकुं द जी लक्ष्मीविलास होटल के पास, मंदिर श्री राधा गोपाल जी गोविन्ददेव जी के मंदिर के पास, मंदिर श्री राधाकृ ष्ण जी गणगौरी बाजार आदि मंदिरों में 31 अक्टूबर को दिवाली मनाई जाएगी।

### 1 नवम्बर को लक्ष्मीपूजन (दिवाली) शास्त्र सम्मत

» जागरूक जनता @ जयपुर। साकेत पंचांग के ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि 1 नवंबर 2024, शुक्रवार के दिन को ही सही पर शास्त्र सम्मत माना गया है। इस वर्ष (संवत् 2081) शक 1946 में 31 अक्टूबर के दिन चतुर्दशी समाप्ति 03.53 है। चतुर्दशी समाप्ति के बाद अमावस्या शुरु होकर दूसरे दिन 1 नवंबर शुक्रवार के दिन सायं 06.17 को अमावस्या समाप्ति हो रही है। 31 अक्टूबर को प्रदोषकाल में अमावस्या की अधिक व्याप्ति है और दूसरे दिन 1 नवंबर शुक्रवार के दिन प्रदोषकाल में अमावस्या अल्पकाल है, फिर भी 1 नवंबर को लक्ष्मीपूजन करना ही उचित है। - परदिने एव दिंद्वयेपि वा प्रदोषव्याप्तौ परा। पूर्वत्रैव प्रदोषव्याप्तौ लक्ष्मीपूजनादौ पूर्वा। (धर्मसिंधु)
- इयं प्रदोषव्यापिनी ग्राह्या, दिंद्वये सत्त्वाऽसत्त्वे परा। (तिथिनिर्णय)
- यदा सायाह्नमराभ्य प्रवृत्तोत्तरदिने किंचिन्युन्यामात्रयम् अमावस्या तदुत्तरदिने यामत्रायमिता प्रतिपत्तदाऽमावस्याप्रयुक्त दीपदानलक्ष्मीपूजादिकं पूर्वत्र। यदा तु द्वितीयदिने यामत्रयेममावस्या तदुत्तरदिने सार्धयामात्रयं प्रतिपत्तदा परा। (पुरुषार्थ चिंतामणि) अर्थात तीन प्रहर के उपरान्त पर अंत हो रही हो और दूसरे दिन प्रतिपदा साढितीन प्रहर के उपरान्त पर अंत हो रही हो ऐसी स्थिति में लक्ष्मीपूजनादि करें। धर्मसिंधु, पुरुषार्थ चिंतामणि, तिथिनिर्णय, व्रतपर्व विवेक आदि ग्रंथों में दिये हुए वचनों का विचार करके दोनों दिन प्रदोषकाल में अमावस्या की व्याप्ति कम या अधिक होने पर दूसरे दिन अर्थात अमावस्या के दिन लक्ष्मीपूजन करना शास्त्रसंमत है।

पुराना विद्याधर नगर के वार्ड 23 में सीवर लाइन के गड्ढे खोदकर खुला छोड़ा, काम बंद

# प्रशासनिक सुन्नता और ठेकेदार की लापरवाही के चलते जनता परेशान

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** एक ओर प्रदेश के मुखिया राइजिंग राजस्थान के तहत शहर-प्रदेश को चमकाने की पुरजोर कोशिश करते नजर आ रहे हैं। वहीं दूसरी ओर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी के विधानसभा क्षेत्र में हालात दुष्वार हो रहे हैं। पुराना विद्याधर नगर वार्ड-23 में सी और डी ब्लॉक में इन दिनों सीवर लाइन डालने का कार्य चल रहा है।

ब्लॉक सी का ठेका किसी नौसीखिए ठेकेदार को देने के कारण पिछले 15 दिनों से रोक दिया गया है। परन्तु सामान के अभाव में गड्ढो को ढका तक नहीं गया है। गड्ढो में बदबूदार और गंदा पानी भर जाने के कारण मौसमी बीमारी का खतरा भी बढ़ गया है।

स्थानीय लोगों को डेंगू, मलेरिया का भय सताने लगा है। इसके अलावा यहां विद्यालय होने के कारण छोटे-छोटे बच्चों के साथ-साथ बुजुर्ग लोगों को गड्ढो में गिरने का खतरा है। मिट्टी के उबड़-खाबड़ टीबे होने के रास्ता तक अवरुद्ध है। स्थानीय वार्ड पार्षद भंवरलाल मालाकार को भी इस समस्या से अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने ठेकेदार की लापरवाही कहकर पल्ला झाड़ते हुए प्रशासनिक स्तर पर बात करने की कहकर इतिश्री कर ली। ठेकेदार के पास सामान के अभाव में अब काम बंद है और स्थानीय निवासी बदबू और गंदे पानी के बीच लाचार है।

## जागरूक खबरें

### अनुजा निगम के ऋण हेतु 30 नवंबर तक किये जा सकेंगे आवेदन

» जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा राष्ट्रीय वित्त एवं विकास निगमों के सौजन्य से क्रियान्वित अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाईकर्मचारी वर्ग, अन्य पिछड़ा एवं दिव्यांगजनों को विभिन्न उद्योगों, व्यवसाय एवं सेवा कार्य में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु आनलाइन आवेदन अब 30 नवंबर तक किये जा सकेंगे। अनुजा निगम के परियोजना प्रबंधक दीनानाथ बबल ने बताया कि पात्र आवेदकों की सुविधा के लिए निगम द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 30 नवंबर करने का निर्णय लिया गया है। जिसके बाद अब इच्छुक आवेदक एसएसओ आईडी के माध्यम से अनुजा पोर्टल पर ऋ्ण हेतु 30 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की विस्तृत जानकारी हेतु स्थानीय पंचायत समिति, नगर पालिका कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

### पूर्व मुख्यमंत्री शेखावत को विधान सभा अध्यक्ष देवनानी देंगे पुष्पांजलि

» जागरूक जनता @ जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी बुधवार को प्रातः विधान सभा में पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत को उनकी जयंती पर पुष्पाजंलि अर्पित करेंगे।

### गुरु पुष्य और सर्वार्थसिद्धि योग में अहोई अष्टमी का व्रत 24 को

» जागरूक जनता @ जयपुर। साकेत पंचांग के अनुसार अहोई अष्टमी हर साल कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को आती है। करवाचौथ के 4 दिन बाद अहोई अष्टमी का व्रत रखा जाता है। इस बार अहोई अष्टमी का व्रत गुरुवार (24 अक्टूबर) को रखा जाएगा। इसमें तारों को अर्घ्य देकर माताएं व्रत खोलती हैं। इस दिन माताएं निर्जला व्रत करके अपनी संतान की दीर्घायु के लिए कामना करती हैं और अहोई माता की पूजा करती हैं। ज्योतिषाचार्य अक्षय शास्त्री ने बताया कि अहोई अष्टमी के दिन गुरु पुष्य योग, सर्वार्थसिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और साध्य योग बन रहा है। अहोई अष्टमी पर पूजा के लिए शुभ मुहूर्त शाम 05.42 बजे से रात्रि 07.18 बजे तक रहेगा।

क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में 9वें आयुर्वेद दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ

# आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए जनता को जागरूक किया जा रहा है-मीणा

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** झोटवाडा रोड, बनीपार्क स्थित महाराव शेखाजी क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 9वें आयुर्वेद दिवस 2024 का आयोजन 18 से 29 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस वर्ष आयुर्वेद दिवस की थीम- "वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार" एवं टैग लाईन "आयुर्वेद, प्राचीन ज्ञान एक स्ववस्थ और सुखी जीवन की कुंजी" है।

कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान प्रभारी डॉ. बी. आर. मीणा व उनकी टीम द्वारा किया गया। डॉ. मीणा ने बताया कि संस्थान में विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित की जा रही है जिसके अन्तर्गत प्रदर्शनी भी लगाई गयी। जिसमें संस्थान की गतिविधियों से सम्बन्धित एवं रोगानुसार विभिन्न प्रकार के ब्रोसर्स का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न प्रकार के पीपीटी स्लाईड व शार्ट विडियों के माध्यम से भी आम जनता को जागरूक किया जा रहा है। इसके लिये विभिन्नी स्थानों पर सेल्फी पाइंट भी लगाये गये है। साथ ही रेडियों, दूरदर्शन के माध्यम से भी जनता को जागरूक किया जायेगा। इसके लिये राज्यपाल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों के शॉर्ट विडियों संदेश के माध्यम से भी आम जनता को आयुर्वेद के प्रति बढ़ावा देने हेतु प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान के द्वारा शहर की विभिन्न कॉलोनियों एवं आदिवासी क्षेत्रो में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर एवं आमजनता को जागरूक करने हेतु व्याख्यान भी दिये जा रहे है।

सीसीआरएएस, नई दिल्ली द्वारा तैयार किये गये ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भी संस्थान में आमजनता के लिये प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न विद्यालयों/महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को प्रचलित जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में आयुर्वेद की भूमिका के बारें में जानकारी देने के साथ निबंध लेखन, वाद-विवाद एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। जिसमें विजेताओं को नकद पुरस्कार का वितरण भी किया जायेगा।

संस्थान द्वारा आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान परिसर एवं आऊटरीच परियोजनाओं के माध्यम से आमजनता को औषधीय पौधों का भी निःशुल्क वितरण किया जा रहा है एवं आयुर्वेदीय औषधियों की गुणवत्ता की जानकारी प्रदान की जा रही है।

### वेटरिनरी कॉलेज के अस्पताल को रेफरल के रूप में काम करना चाहिए -डॉ समित शर्मा

» जागरूक जनता @ जयपुर। शासन सचिवालय के मुख्य सभागार में मंगलवार को पशु चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता और भविष्य में सुधार की संभावनाएं विषय पर सेमिनार का आयोजन हुआ। सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में संभागियों को संबोधित करते हुए शासन सचिव पशुपालन, गोपालन एवं डेयरी डॉ समित शर्मा ने कहा कि सभी वेटरिनरी कॉलेज को उत्कृष्टता का केंद्र बनाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। डॉ शर्मा ने कहा कि पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हम काफी काम कर रहे हैं परंतु अभी भी सुधार की संभावनाएं हैं। हमें पशु चिकित्सा शिक्षा के संस्थान को देश में अव्वल लाने के लिए प्रयास करने होंगे।

ग्रेडिंग के पहले दस स्थानों में राजस्थान के पशु चिकित्सा शिक्षा संस्थानों को लाने के लिए आवश्यक है कि उपलब्ध संसाधनों का उचित उपयोग करें। उन्होंने सभी कॉलेज में विद्यार्थियों को सम्मानपूर्वक डिग्री देने के साथ समारोह का आयोजन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सभी दस्तावेज डिजी लॉकर में रखें, सप्ताह के अंत में पढ़ाए गए विषयों का मूल्यांकन करें, पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी विद्यार्थियों को पूर्व में दें, कॉलेज में इनडोर ऑपरेशन करने का प्रयास करें। इन सब प्रयासों से ही आने वाले वर्षों में पशु चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाकर हम राज्य के पशु चिकित्सा शिक्षा संस्थानों को देश में सर्वोच्च स्थान पर ला सकते हैं।

"सनातन संस्कृति का आधार- अध्यात्म" विषय पर कार्यक्रम आयोजित

# अध्यात्म का अर्थ है स्वयं को जानना

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** ब्रह्माकुमारीज के जयपुर स्थित पीस पैलेस सेवा केंद्र पर "सनातन संस्कृति का आधार- अध्यात्म" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अनेक पंडित, पुरोहित, संत, महात्मा तथा समाज के प्रबुद्ध जन शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य गोपालचरण जी महाराज जो की ज्योतिषाचार्य, भागवत प्रवक्ता, पीठाधीश्वर, श्री भागवत पीठ-नीमकाथाना से पधारे। महाराज आचार्य जी ने ब्रह्माकुमारी संस्था के वातावरण व इसकी सरलता और राजयोग की विधि को खूब सरहाते हुए कहा कि सनातन सर्व के लिए है और अध्यात्म का अर्थ है स्वयं को जानना जो इस संस्था में बताया जाता है। सेवाकेंद्र संचालिका ब्र.कु हेमलता बहन ने विषय को स्पष्ट करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति का संपूर्ण स्वरूप है देवी देवताओं की पवित्र जड़ मूर्तियां और ऐसा बनने के लिए व अपने जीवन को आध्यात्मिक बनाने के लिए आवश्यक है की परमात्मा से बुद्धि योग जोड़ना सीखें। ब्रह्माकुमारी कविता बहन ने शांति की गहन अनुभूति कराई एवं ब्र.कु मदनलाल शर्मा जी ने अपने जीवन अनुभव द्वारा आध्यात्मिकता का महत्व साझा किया। अंत में मुख्य अतिथि व सभी आगंतुओं को ईश्वरिय सौगात देकर सम्मान किया गया व ब्र.कु मीना बहन ने सभी को प्रसाद वितरण किया।

खगोलीय घटना : हर दिन 40 मिनट की देरी से उदय होगा धूमकेतु

# धूमकेतु त्सुचिनशान-एटलस अब दूर जा रहा है

जागरूक जनता jagrukjanta.net





**जयपुर।** वर्ष का सबसे अच्छा धूमकेतु धीरे-धीरे अपनी चमक खो रहा है, लेकिन शाम के आकाश में यह अभी भी आंखों से देखा जा सकता है। इस के लिए आपको शहर से थोडा सा दूर जाना होगा। 18 अक्टूबर को एस्ट्रोफ़ोटोग्राफ़र अंचित नाठा ने अपने कैमरे में कैद की इस तस्वीर में धूमकेतु C/2023 A3 त्सुचिनशान-एटलस की भाले जैसी एंटी-टेल पूरी तरह से दिखाई दे रही है।

धूमकेतु C/2023 A3, जिसे त्सुचिनशान-एटलस के नाम से भी जाना जाता है, पिछले एक सप्ताह से शाम के आसमान में दिखाई दे रहा है। अगर आपने इसे नहीं देखा है, तो यह समझ में आता है क्योंकि आसमान में अपनी पूर्ण चमक के साथ चमकीला चाँद भी दिखाई दे रहा है। लेकिन चाँद 17 अक्टूबर को पूर्णिमा के बाद से हर दिन 40 मिनट की देरी से उदय होगा। इसलिए, इस खूबसूरत खगोलीय आगंतुक को देखने की कोशिश करें इससे पहले कि यह पृथ्वी से इतनी दूर चला जाए कि केवल दूरबीन ही इसे कैद कर सके। इसे पश्चिमी आकाश में देखा जा सकता है। जयपुष्य एस्ट्रोनॉमी सोसाइटी के एस्ट्रोनॉमर राहुल शर्मा ने दूरबीन के माध्यम से इस Comet (धुमकेतु ) को जयपुर वासियों को दिखाया साथ ही फोटोग्राफी भी की गयी, मेट्रो सिटी से दूर जा कर इसे बिना किसी ऑप्टिकल सहायता के कुछ दिनों तक देखा जा सकता है। यह चंद्रमा या शुक्र की तरह चमकीला नहीं है, जो इसके बाईं ओर एक चमकदार तारा जैसा पिंड है, लेकिन धूमकेतु की पूंछ को ऊपर और बाईं ओर मुड़ते हुए आसानी से देख सकता है। दूरबीन से देखने पर, सिर धुंधला दिखाई दिया और पूंछ फैली हुई है, जो लगभग 30ए का कोण बना रही है।

जयपुष्य एस्ट्रोनॉमी सोसाइटी की सचिव प्रीती वैष्णव और गोविन्द दादीच ने इस Comet को आकाश में पहचानने का तरीका बताया, पश्चिम दिशा की ओर खोजें। किसी भी (7x50) क्षमता वाली दूरबीन से देखना शुरू करें पश्चिम के थोड़ा बाईं ओर लक्षित करें। फिर उन्हें धीरे-धीरे ऊपर उठाएँ जब तक कि आप जिस आकाश के क्षेत्र को देख रहे हैं वह क्षितिज से उतना ही ऊपर न हो जाए जितना आपके हाथ की लंबाई पर रखी मुट्ठी की चौड़ाई का दोगुना हो। यह लगभग 20-25 डिग्री के बराबर है। आप इसके करीब पहुँच जायेंगे। अब धीरे-धीरे दूरबीन को इधर-उधर घुमाएँ। आपको तारे दिखाई देंगे, जिन पर आप ध्यान केंद्रित कर सकते हैं. वहीं पर आप इस धुमकेतु को देख सकेंगे। राहुल शर्मा ने बताया की धूमकेतु C/2023 A3 की खोज जनवरी 2023 में की गई थी, NASA की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के स्माल बॉडी डेटाबेस के अनुसार यह धुमकेतु 12 अक्टूबर को पृथ्वी के सबसे नजदिक से गुजरा, उस समय पृथ्वी से लगभग 70669238 किलोमीटर की दूर था, फ़िलहाल यह Comet 80.74 किमी प्रति सेकंड की तेज गति से आगे बढ़ रहा है जो की हमें अक्टूबर के अंत तक ही दिखाई देखा, भारत में स्काईवॉचर्स के पास एक ऐसे खगोलीय आगंतुक को देखने का एक अनूठा अवसर है जिसे लगभग 80,000 वर्षों से नहीं देखा गया है।





**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन : कजान में मिले पीएम मोदी और पुतिन**

# भारत की नीतियों से दोनों देशों की साझेदारी और संबंधों को होगा लाभ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन 23 और 24 अक्टूबर को होगा। कजान में ब्रिक्स समिट से पहले पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेता गर्मजोशी से एक-दूसरे से मिले। पीएम मोदी ने पुतिन से हाथ मिलाया और फिर उनके गले मिले। इसके बाद दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय मसलों पर बातचीत हुई। वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने रूस-यूक्रेन संघर्ष का भी जिक्र किया।

### मजबूत हुए भारत और रूस के संबंध

**पुतिन** के साथ द्विपक्षीय वार्ता के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए रूस का धन्यवाद जताया। उन्होंने कजान शहर के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंधों का जिक्र किया और बताया कि कजान में भारत नया वाणिज्य दूतावास खोल रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों के दौरान मैं दूसरी बार रूस आया हूं। इस साल जुलाई में मॉस्को में मेरी राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात हुई थी। दोनों देशों के बीच यह गर्मजोशी गहरे संबंधों को दर्शाता है। भारत और रूस के बीच रिश्ते और अधिक मजबूत हुए हैं।

### पीएम मोदी ने किया रूस-यूक्रेन संघर्ष का जिक्र

**पीएम** मोदी ने पिछले एक साल से ब्रिक्स का नेतृत्व करने के लिए रूस को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों में ब्रिक्स ने अपनी छाप छोड़ी है। मैं ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के उत्सुक हूं। रूस और यूक्रेन संघर्ष के दौरान मैं और राष्ट्रपति पुतिन लगातार संपर्क में रहे हैं। भारत मानता है कि संघर्ष का समाधान शांतिपूर्ण होना चाहिए। हम मानव जाति को ध्यान में रखते हुए शांति और स्थिरता का समर्थन करते हैं। इस संबंध में भारत हर तरह का सहयोग देने को तैयार है।

### क्या बोले राष्ट्रपति पुतिन

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा, 'इंटरगवर्नमेंटल कमीशन की अगली बैठक 12 दिसंबर को नई दिल्ली में होने वाली है। हमारी संयुक्त परियोजनाएं लगातार प्रगति कर रही हैं। आपने कजान में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने का फैसला किया है, हम इसका स्वागत करते हैं। भारत की नीतियों से दोनों देशों की साझेदारी और संबंधों को लाभ मिलेगा। हम आपको और आपके प्रतिनिधिमंडल को रूस में देखकर बहुत खुश हैं।'

**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ यूएई के निवेश मंत्री की महत्वपूर्ण बैठक**

# अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में यूएई से तीन लाख करोड़ का ऐतिहासिक एमओयू

**पश्चिमी राजस्थान में लगेगी 60 गीगावाट क्षमता की सोलर, विंड एवं हाइब्रिड परियोजना**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रुपए के निवेश के ऐतिहासिक एमओयू पर मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए। यह निवेश प्रदेश के पश्चिमी जिलों में 60 गीगावाट क्षमता की सोलर, विंड एवं हाइब्रिड परियोजना की स्थापना के लिए किया जाएगा। यूएई के निवेश मंत्री मोहम्मद हसन अल सुवैदी और उद्योग विभाग के प्रमुख शासन सचिव अजिताभ शर्मा ने इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए। यह ऐतिहासिक एमओयू अक्षय ऊर्जा से संबंधित आधुनिकतम तकनीक का उपयोग करते हुए एक दीर्घ अवधिक विद्युत परियोजना की स्थापना के माध्यम से प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य से किया गया। इस पहल के अंतर्गत यूएई एक योग्य एवं सक्षम डेवलपर की नियुक्ति भी करेगा जो प्रदेश में शासन-प्रशासन के स्तर पर समन्वय स्थापित कर परियोजना को तेजी से साकार रूप प्रदान करेगा।




### यूएई को राइजिंग राजस्थान समिट में निवेश करने का न्यौता

**मुख्यमंत्री** शर्मा ने आगामी 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में आयोजित होने जा रहे राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट-2024 में सुवैदी को आमंत्रित किया। शर्मा ने यूएई के निवेश मंत्री को राजस्थान में अक्षय ऊर्जा, स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा भंडारण, वितरण के साथ-साथ होटल एवं पर्यटन, और अवसंरचना विकास परियोजनाओं में निवेश की संभावनाओं के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पंप स्टोरेज ऊर्जा उत्पादन, सौर ऊर्जा, पेयजल परियोजनाओं एवं हाइवे निर्माण में वृहद स्तर पर परियोजनाएं प्रस्तावित हैं। ऐसे में यूएई के सॉवरिन वेल्थ फंड और अन्य फंड्स के लिए राजस्थान में निवेश के बेहतरीन अवसर उपलब्ध हैं। मुख्यमंत्री ने यूएई की तरफ से व्यापारिक संगठनों एवं बहुराष्ट्रीय कंपनियों के सीईओ की राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में अधिकाधिक भागीदारी के लिए भी अनुरोध किया। उन्होंने जयपुर से यूएई की सीधी एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के बारे में भी चर्चा की।

### ऊर्जा नवाचारों के मॉडल के तौर पर उभरेगा राजस्थान- मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं। केन्द्र सरकार ने देश में 500 गीगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए राजस्थान को 250 गीगावॉट के सोलर प्लांट लगाने होंगे। यूएई के साथ यह साझेदारी इस लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। यह परियोजना ऊर्जा उत्पादन में वांछित बदलाव लेकर आएगी साथ ही, इससे राजस्थान संवहनीय ऊर्जा नवाचारों के मॉडल के तौर पर भी उभरेगा। शर्मा ने कहा कि अनुकूल निवेश नीतियों से राजस्थान अक्षय ऊर्जा में निवेशकों की पसंद बना है। आज राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है। अगले 10 वर्षों में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर बिजली तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए हमने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ 2 लाख 24 हजार करोड़ रुपये के एमओयू किए हैं। लगभग 10 महीने के कार्यकाल में 32 हजार मेगावॉट के संयंत्र लगाने के एमओयू साइन किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत और यूएई के बीच आर्थिक, वाणिज्यिक और रणनीतिक साझेदारी और गहरी हुई है। यूएई, भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जबकि भारत से होने वाले निर्यात में यूएई दूसरे पायदान पर है।

## जागरूक खबरें

### चक्रवाती तूफान 'दाना', का लैंडफॉल कल, बंगाल-ओडिशा में हाई अलर्ट

**» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल और ओडिशा में चक्रवाती तूफान दाना के टकराने से पहले हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान लगाया है कि चक्रवाती तूफान दाना 24 अक्टूबर गुरुवार को लैंडफॉल करेगा। इस चक्रवाती तूफान का असर ओडिशा के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भी देखने को मिलेगा। चक्रवात के कारण ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कई हिस्सों में तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश होगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा कि एक चक्रवाती तूफान, जिसे दाना नाम दिया गया है ये चक्रवाती तूफान ओडिशा तट से टकराएगा 24 अक्टूबर तक इसके तट पर पहुंचने की उम्मीद है। विभाग की ओर से ओडिशा और पश्चिम बंगाल के साथ ही देश के कई अन्य राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

### राष्ट्रमंडल खेल 2026 में नहीं खेला जाएगा क्रिकेट टूर्नामेंट

**» जागरूक जनता @ नई दिल्ली।** ग्लासगो में 2026 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की पदक की उम्मीदों को बड़ा झटका देते हुए आयोजकों ने हॉकी, क्रिकेट, कुश्ती, बैडमिंटन, स्क्वैश और टेबल टेनिस को आगामी संस्करण के खेल कार्यक्रम से हटा दिया है। राष्ट्रमंडल खेलों में से जिन खेलों से हटा दिया गया है, उनमें भारत 2022 में बर्मिंघम में पिछले संस्करण में पोडियम पर रहा था। भारत ने खेलों के पिछले संस्करण में 22 स्वर्ण सहित 61 पदक जीते थे। कुश्ती में 12, मुक्केबाजी और टेबल टेनिस में सात-सात, बैडमिंटन में छह, हॉकी और स्क्वैश में दो-दो और क्रिकेट में एक-कुल पदकों का आधे से अधिक। महासंघ ने पुष्टि की है कि राष्ट्रमंडल खेलों का 23वां संस्करण 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक स्कॉटलैंड में आयोजित होगा, जो 2014 के बेहद सफल राष्ट्रमंडल खेलों के 12 साल बाद शहर में वापस आएगा।

**विधान सभा अध्यक्ष से राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों ने की मुलाकात**

# निष्ठा से राज्य सेवाओं की प्रतिष्ठा बढ़ाये

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों का आव्हान किया है कि वे ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करके राज्य सेवाओं की प्रतिष्ठा बढ़ाये। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता और संतुष्टि का आधार भी ईमानदारी और निष्ठा से कार्य निर्वहन ही है। देवनानी मंगलवार को विधान सभा में राज्य लेखा सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से चर्चा कर रहे थे। विधान सभा अध्यक्ष ने प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारी का परिचय लिया। देवनानी ने सभी प्रशिक्षु अधिकारियों को राज्य सेवा में चयन होने की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा लोकतंत्र का पवित्र स्थल है। सदन में चर्चा होने के पश्चात ही बजट पारित होता है। उन्होंने कहा कि विधान सभा नियमों, विनियमों और श्रेष्ठ परम्पराओं से



चलती है। देवनानी ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है।

विधान सभा के प्रमुख सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के. के. शर्मा, उप सचिव संजीव शर्मा और वितीय सलाहकार अपूर्व जोशी ने प्रशिक्षु अधिकारियों को राजस्थान विधान सभा के कार्य संचालन एवं नियमों के बारे में जानकारी दी। हरिश्चन्द्र माथुर लोक प्रशासन संस्थान में गत 9 सितम्बर से प्रशिक्षण ले रहे राज्य लेखा सेवा में नव चयनित 32 अधिकारियों के दल ने राजस्थान विधान सभा के राजनीतिक आख्यान संग्रहालय, पुस्तकालय सहित विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। इस मौके पर संस्थान के अतिरिक्त निदेशक (लेखा) कोमल आगरी, उप निदेशक सुरभी सिंह, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रियंका व्यास, सहायक निदेशक धर्मेन्द्र गुप्ता और सरिता बत्रा भी मौजूद थे।

## धान से अटी मण्डी, 60 हजार बोरी की आवक



**» जागरूक जनता @ बूंदी।** कुंवारती मंडी में अब धीरे-धीरे धान कटाई के बाद मंडी में धान की आवक बढ़ने लगी है। यहां 60 हजार बोरी करीब धान की आवक होने के बाद मंडी के तीनों खुले प्लेटफार्म पर धान के ढेर नजर आए। कई किसानों के पास धान के भंडारण के लिए जगह नहीं होने के चलते सीधा खेतों से धान की फसल को तैयार करके मंडी में बेचने ला रहे हैं। किसानों की माने तो इस बार धान उत्पादन अच्छी बरसात से ठीक रहा। लेकिन अभी वर्तमान में किसानों के सामने धान कटाई को लेकर श्रमिकों का टोटा होने के चलते कटाई के लिए कंबाइन मशीन उसका सहारा लेना पड़ रहा है। मशीन में कटाई करवाने से किसानों को चारे का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## चांदी लाख के पार, सोना 81000

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** फेस्टिवल में सोने-चांदी पर फेस्टिवल का खुमार सवार है। कीमत है कि थमने का नाम ही नहीं ले रही। चांदी की कीमत मंगलवार को 1 लाख रुपये के पार चली गई। राष्टीय राजधानी में सोने की कीमत 350 रुपये बढ़कर 81,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। चांदी 1,500 रुपये बढ़कर 1.01 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गई, जबकि सोमवार को इसका भाव 99,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक, चांदी में लगातार पांचवें दिन तेजी दर्ज की गई।



### 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना आज

खबर के मुताबिक, 99.5% शुद्धता वाला सोना 350 रुपये उछलकर 80,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया। इस बीच, 99.5% शुद्धता वाली धातु 80,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी, जबकि 99.9% शुद्धता वाला सोना सोमवार को 80,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हिंदुस्तान जिंक के सीईओ व पूर्णकालिक निदेशक अरुण मिश्रा ने कहा, चांदी कीमतों में मौजूदा तेजी औद्योगिक मांग, जैसे फोटोवोल्टिक अनुप्रयोगों के विस्तार, उसके बाद आभूषण और चांदी के बर्तन क्षेत्रों की मांग से प्रेरित है।

**रियल एस्टेट में दिखने लगी मजबूती**

# जनवरी-सितंबर में जमीन के सौदे 65% बढ़े

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश में रियल एस्टेट क्षेत्र में इस साल जनवरी-सितंबर में जमीन के सौदों में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। इन महीनों के बीच कुल 1,700 एकड़ जमीन के 100 से अधिक सौदे हुए। रियल एस्टेट सलाहकार सीबीआरई की रिपोर्ट के अनुसार, 2023 कैलेंडर वर्ष की इसी अवधि में करीब 60 भूमि सौदे हुए थे, जिनका कुल क्षेत्रफल करीब 1,200 एकड़ था। पीटीआई की खबर के मुताबिक, सीबीआरई के मुताबिक, भारत में जनवरी-सितंबर,2024 में लैंडडील की मात्रा सालाना आधार पर 65% बढ़कर करीब 1,700 एकड़ तक पहुंच गई।



### छह प्रमुख शहरों का रहा दबदबा

खबर के मुताबिक, भूमि सौदों में छह प्रमुख भारतीय शहरों दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे का दबदबा रहा। सीबीआरई के भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफीका के चेयरमैन और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशुमान मैगजीन ने कहा कि अलग-अलग एसेट कैटेगरी में भूमि सौदों की बढ़ी हुई गतिविधियां मजबूत निवेशक भावना और भारतीय रियल एस्टेट बाजार की उभरती गतिशीलता को दर्शाती है।

### निवेशकों का मजबूत भरोसा

**मैगजीन** ने कहा कि जैसा कि हम आवासीय और कार्यालय सहित स्थापित क्षेत्रों और डेटा सेंटर जैसी उभरती कैटेगरी में मजबूत वृद्धि देख रहे हैं, यह दर्शाता है कि निवेशक भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में तेजी को लेकर आश्वस्त हो रहे हैं। मैगजीन ने कहा कि यह आशावाद भारत को रियल एस्टेट निवेश के लिए एक रणनीतिक बाजार के रूप में स्थापित करता है। सीबीआरई इंडिया के पूंजी बाजार और भूमि प्रबंध निदेशक गौरव कुमार ने कहा कि इस वर्ष भूमि सौदों में उल्लेखनीय वृद्धि भारत की रियल एस्टेट क्षमता में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के मजबूत भरोसे को दर्शाती है। कुमार ने कहा कि विभिन्न बाजारों में मजबूत मांग और अनुकूल आर्थिक स्थितियों ने वृद्धि के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है। हमें उम्मीद है कि यह गति जारी रहेगी, जो रणनीतिक निवेश से प्रेरित है और जो बाजार की स्थिरता तथा दीर्घकालिक वृद्धि के अवसरों को रेखांकित करता है।




JETHI TECH SOLUTIONS
Follow Us: @jethitech
ADDING WINGS TO YOUR BUSINESS

BULK SMS - Lowest Price
Buy 1 Lakh SMS @ Rs.12000/-
With FREE Control Panel
@ 12 Paisa Per SMS
LIFETIME VALIDITY

WEDDING INVITATION
1 Invitation Video for Whatsapp
10,000 Bulk SMS
1 Social HashTag Creation
1 Whatsapp Direct Chat Link
1 Landing Page
Send Digital Invitations At One Click

START-UP PACKAGE
Dynamic Website
+ Domain & Hosting(1 Year)
+ Social Media Profile Creation
+ Social Media Management* (1 Year)
+ 3 WhatsApp Stickers
+ WhatsApp Chat Direct Link
+ Local Business Listing
+ Logo Design
All For Just Rs.35,000/- + GST

Digial Branding/Marketing
★ Youtube Marketing ★ Website Development
★ Digital Marketing ★ Android Development
★ Whatsapp Marketing ★ Software Development
★ Bulk SMS Marketing ★ Social Media Management

MSGJET
SCHOOL Management System

Corporate Branding/Identity
★ Visiting Cards ★ ID Cards ★ Letterhead ★ Calendars ★ Pen Stand ★ Mugs
★ Pamphlets ★ Banners ★ Envelope ★ Diary ★ Paper Weights ★ T-Shirts
★ Bill Book ★ Brochure ★ Signages ★ Bags ★ Pen ★ Many More...

Financial Services: Business Loan, Home Loan, CC Limit, Mortgage Loan

WE ARE Google Partner | AdWords Analytics | Facebook Marketing Partner | Accredited Professional Bing ads

DIGITAL MARKETING | CORPORATE BRANDING | PRINT MEDIA
WEBSITE DESIGN/DEVELOPMENT | SOFTWARE DEVELOPMENT
ANDROID/iOS APPS | BULK SMS | CRM/ERP SOFTWARE

INIDIA: 1C, Rajputana Marg, Kalyanpuri, Jhotwara, Jaipur-12
USA: 11923 NE Summer St. Portland, Oregon, 97220, USA
+91-7976625313, +1(503) 8788224 || www.jethitech.com || sales@jethitech.com

## सम्पादकीय

# विदेश मंत्री एस जयशंकर की पाक यात्रा के पॉजिटिव संकेत

विदेश मंत्री एस जयशंकर की हालिया पाकिस्तान यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों में जिस तरह पॉजिटिविटी का माहौल बनाया है, वह इस बात का अच्छा उदाहरण है कि बेहद प्रतिकूल हालात में भी कुशल डिप्लोमेसी से कुछ न कुछ बेहतर नतीजे हासिल किए जा सकते हैं। हालांकि यह पॉजिटिविटी कब तक कायम रहती है और द्विपक्षीय रिश्तों को कितनी गर्मजोशी दे पाती है, यह देखना अभी बाकी है। शांघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (SCO) की शिखर बैठक के सिलसिले में विदेश मंत्री का पाकिस्तान जाना अपने आप में इस बात का उदाहरण था कि दोनों देशों के बीच रिश्ते अच्छे नहीं हैं। कायदे से इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शिरकत होनी चाहिए थी, लेकिन स्थिति यह थी कि विदेश मंत्री जयशंकर के रूप में एक वरिष्ठ मंत्री का जाना भी एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट माना गया। खुद जयशंकर ने भी जाने से पहले ही साफ कर दिया था कि इस यात्रा में द्विपक्षीय रिश्तों पर किसी तरह की बातचीत वह नहीं करने वाले हैं। इसके बावजूद पाकिस्तानी मीडिया में इसे दोस्ती की तरफ बढ़ा कदम माना गया। इसके बाद अब नवाज शरीफ का इस सिलसिले में आया बयान भी पॉजिटिव है। विदेश मंत्री जयशंकर की पाकिस्तान में मौजूदगी में निहित शालीनता और गरिमा को रेखांकित करना हो तो इसे पिछले साल हुई पाकिस्तानी के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की यात्रा के संदर्भ में देखना होगा। वह भी SCO के विदेशमंत्रियों की बैठक के ही सिलसिले में आए थे। वह भी 12 साल के अंतराल के बाद पाकिस्तान के किसी वरिष्ठ नेता की भारत यात्रा थी। लेकिन वह यात्रा उनके तीखे और कड़वे बयानों के लिए चर्चित हुई। उससे दोनों देशों के रिश्तों की गुत्थी सुलझाने में कोई मदद नहीं मिली। इसके उलट जयशंकर ने न केवल SCO के मंच का इस्तेमाल विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मसलों पर भारत के स्टैंड की अहमियत समझाने में की, बल्कि अपने बॉडी लैंग्वेज और व्यक्तित्व से मेजबान को भी प्रभावित किया। यही वजह रही कि उनके लौटने के बाद पाकिस्तान में सत्तारूढ़ PML (N) के सबसे बड़े नेता और तीन बार के पीएम नवाज शरीफ ने भारत के साथ रिश्ते सुधारने का आह्वान कर दिया। उन्होंने न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पिछली पाकिस्तान यात्रा को भावुक अंदाज में याद किया बल्कि मोदी के खिलाफ की गई घटिया बयानबाजी के लिए पूर्व पीएम इमरान खान की भी लानत-मलामत की। माहौल तो बना निश्चित रूप से इस तरह की पहलकदमी का अपना महत्व है। इनसे रिश्तों को बेहतरी की दिशा देने वाले प्रयासों के अनुकूल माहौल बनता है। लेकिन रिश्तों की बेहतरी वास्तव में बहुत सी अन्य बातों पर निर्भर करती है। भारत-पाकिस्तान के रिश्तों में सबसे बड़ा मसला है आतंकवाद को वहां मिल रहा संरक्षण। देखना होगा कि पाकिस्तान के मौजूदा निजाम इस मोर्चे पर कितने ठोस कदम उठाते और कितना भरोसा जगा पाते हैं।

**भारत को लेकर दुनिया में उत्सुकता बढ़ती जा रही है। भारत को एक ऐसे देश के रूप में देखा जा रहा है जो दुनिया के सामने आने वाले मुद्दों को सही तरीके से संबोधित कर सकता है।**

# बदलाव के बाद मिली एक नई पहचान



**श्याम माथुर**
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

> वैश्विक मामलों में भारत की गिनती होने लगी है, क्योंकि इसकी आबादी ज्ञान और बुद्धि का भंडार है, जहां मानवता का छठा हिस्सा रहता है। इससे पहले कभी भी हमारे पास इतना सुखद पल नहीं था, जितना कि अब है।

ग्रीक दार्शनिक हेराक्लिटस की यह बात तो हम में से अनेक लोगों ने सुनी होगी कि दुनिया में अगर कुछ स्थायी है, तो वह है परिवर्तन। परिवर्तन ही एकमात्र स्थिर चीज है। आज अगर अपने देश के संदर्भ में हम इस बात पर विचार करें, तो पाएंगे कि परिवर्तन की इस प्रक्रिया ने हमारे जीवन को कितना बदल दिया है। हम बदलाव की प्रक्रिया में हैं। लेकिन हमने बदलाव को कभी कोई बंधन नहीं माना। हम सिर्फ वही बदलाव लाए, जिसकी हमें वाकई जरूरत है और यह तब और भी प्रासंगिक हो जाता है जब हम क्रांतिकारी परिवर्तन को संभव बनाने वाली टैक्नोलॉजी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, मशीन लर्निंग, ब्लॉकचेन की बात करते हैं। कुछ समय पहले तक ये शब्द बड़े अजनबी लगते थे, आज देश का आम आदमी भी इनकी चर्चा करता है। ऐसा लगता है कि हम एक बड़े बदलाव के लिए तैयार हैं। टैक्नोलॉजी से जुड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन आज हमारे सामने चुनौतियां और अवसर दोनों लेकर आया है।

देश अपनी क्षमता का दोहन करने में जुटा है और वैश्विक समूहों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों को भी हमारे देश में अनेक अवसर नजर आ रहे हैं। एक समय था जब हम कभी नहीं सोच सकते थे कि इस देश का कोई व्यक्ति सिलिकॉन वैली में किसी संगठन का सीईओ होगा और अब वे मजाक में कहते हैं क्या हमारे पास ऐसा सीईओ हो सकता है जो भारतीय मूल का न हो? इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि भारत की आवाज को पहले से कहीं ज्यादा सम्मान के साथ सुना जा रहा है। भारत को लेकर दुनिया में उत्सुकता बढ़ती जा रही है। भारत को एक ऐसे देश के रूप में देखा जा रहा है जो दुनिया के सामने आने वाले मुद्दों को सही तरीके से संबोधित कर सकता है। वैश्विक मामलों में भारत की गिनती होने लगी है, क्योंकि इसकी आबादी ज्ञान और बुद्धि का भंडार है, जहाँ मानवता का छठा हिस्सा रहता है। इससे पहले कभी भी हमारे पास इतना सुखद पल नहीं था, जितना कि अब है। अस्सी के दशक में हमारा विदेशी मुद्रा भंडार एक बिलियन डॉलर था। सिर्फ एक बिलियन! अभी हमने पिछले हफ्ते हमने 700 बिलियन के आंकड़े को पार कर लिया।



हमारी युवा आबादी इस समय दुनिया के लिए ईर्ष्या का विषय है और यह हमारे विकास इंजन के लिए ईंधन का काम करती है। हम एक उभरते हुए राष्ट्र के तौर पर पहचाने जाते थे और आज हमारे सामने अनेक ऐसे फैक्टर हैं, जो हमारे विकास के लिए मायने रखते हैं। ये ऐसे फैक्टर हैं, देश को आशा और संभावना की भूमि बनाते हैं। यह हम सभी के लिए सुखद है कि भारतीय प्रतिभा वैश्विक स्तर पर तेजी से प्रासंगिक हो रही है। जब कॉरपोरेट प्रमुखों की बात आती है तो भारतीय मानव संसाधन वैश्विक चर्चा में हावी हो रहे हैं। मोबिलिटी समझौतों में रुचि को बढ़ावा देते हुए, भारत अब अपने चंद्र और मंगल मिशनों पर गर्व करता है। वैक्सीन उत्पादन और सेमीकंडक्टर में बढ़ता महत्व, इसे आप सभी तब समझेंगे जब आप सार्वजनिक डोमेन में एक बड़ी छलांग लगाएंगे।

सिर्फ एक दशक पहले राष्ट्र का मूड क्या था? हम निराशा और हताशा की स्थिति में थे। सार्वजनिक डोमेन में घोटाले, भ्रष्टाचार, पक्षपात का माहौल था। एक दशक में क्या बदल गया है? आशा और संभावना का एक व्यापक मूड है और आज हमें अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से भी प्रशंसा मिल रही है, जबकि कुछ अर्सा पहले तक यह संगठन भी हमें हिकारत की नजरों से देखा करता था। हमारी तकनीकी उन्नति, गहरी पैठ और डिजिटलीकरण को विश्व बैंक ने एक 'ग्लोबल रोल मॉडल' कहा है। हमारी तेजी से बढ़ती आर्थिक उन्नति भारत को सबसे तेजी से बढ़ती वैश्विक अर्थव्यवस्था बनाती है। भारत पिछले दशक में बदल गया है, 8 प्रतिशत विकास क्षमता के साथ 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन गया है, चार नए हवाई अड्डों और सालाना एक मेट्रो प्रणाली के निर्माण के साथ बुनियादी ढांचे का विस्तार हो रहा है।


हर साल चार नए हवाई अड्डे और एक मेट्रो। रोजाना 14 किलोमीटर के राजमार्गों और छह किलोमीटर के रेलवे में वृद्धि हो रही है। विश्व स्तरीय राजमार्गों और गुणवत्ता वाले राजमार्गों का। डिजिटल टैक्नोलॉजी ने बड़े पैमाने पर सार्वजनिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को सक्षम किया है। इससे 850 लाख लोगों को आवास, 3300 लाख को स्वास्थ्य कवरेज और 290 लाख छोटे व्यवसायों को सालाना ऋण का लाभ मिला है। मात्रा बहुत अधिक है। संख्याएं इतनी चौंका देने वाली हैं कि तुरंत एक व्यक्ति यह मान लेगा कि हमने एक या दो शून्य जोड़े हैं। जरा उस देश की कल्पना कीजिए जहां आप सबसे कम समय में 5000 लाख बैंक खाते जोड़ते हैं। डिजिटल लेन-देन में भारत सबसे आगे है। अपनी सांस थाम लीजिए। 6.5 अरब मासिक डिजिटल लेन-देन, और हमारे पास 58 यूनिकॉर्न के साथ तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। 800 वैश्विक क्षमता केंद्रों के साथ सालाना 60 अरब डॉलर का उत्पादन होता है।

वर्ष 2030 तक हमारे पास 6 लाख करोड़ रुपए का निवेश और उतनी ही संख्या में नौकरियां होंगी। ये नौकरियां कौन देगा? दरअसल कॉर्पोरेट सैक्टर ही नेतृत्व देगा। क्वांटम कंप्यूटिंग आयोग की सफलता सुनिश्चित करने के लिए कॉर्पोरेट सैक्टर ही पूरे सिस्टम में कहीं न कहीं मौजूद होगा। एक ऐसी तकनीक जो आपके दिल के करीब है- 6जी। इसे दो चरणों में लागू किया जाएगा, जिसका व्यावसायीकरण 2025 और 2030 के बीच होने की उम्मीद है। निश्चित तौर पर यह तकनीक इस देश के परिदृश्य में योगदान करते हुए अवसरों और बदलावों के विशाल द्वार खोलेगी। विश्व के देशों के साथ भारत का जुड़ाव महत्वपूर्ण है। इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सेमीकंडक्टर वैश्विक प्रगति को लाभ पहुंचाते हैं और सहयोग को मजबूत करते हैं। इन्हीं दिशाओं में हम आज आगे बढ़ रहे हैं। हमने अपने इंडिया स्टैक कार्यक्रम के माध्यम से अनेक संसाधनों को दुनिया के उपयोग के लिए ओपन सोर्स बना दिया है। अब कोई भी विकासशील देश इन समाधानों का निशुल्क उपयोग कर सकता है। इतना ही नहीं, भारत ने जिस तरह के उत्पादों की कल्पना की है, वे दुनिया के लिए बिना किसी शुल्क के उपलब्ध हैं। वास्तव में इसने हमारी सॉफ्ट डिप्लोमेसी को एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

# 'डाटाखोर-डाटाटोर'

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**मनमोहन हर्ष**
व्यंगकार/पत्रकार
@jagrukjanta.net

हमारे 'हटकरजी' की शोहरत श्नैः श्नैः 'ग्लोबल वार्मिंग' की मानिंद ब्रह्मांड में पंख पसार रही है। आपसे सचीमुची में कह रहे है कभी-कभी तो हमें यह डर सताने लगता है कि 'हटकरजी' हमारी पकड़ और जकड़ से निकलकर अपना दीगर 'ठीया' (ठिकाना) न बना लें। अब आपको का बताए 'हटकरजी' शिखा धारण तो नहीं करते, पर किस्सागोई के किले के शिखर पर वे अक्सर सिक्का जमाते है। फिर करीने से बाकायदा किस्सों को बारी-बारी से चोटी पकड़-पकड़कर 'बातपोशी' के बाजार में उतारते हैं। ऐसे में इनसे दिल लगा बैठने, उनसे नुक्ताचीनी करने या दो-दो हाथ करने की मजबूरी अपनी तो नियति बन चुकी है। यह एहसास 'हटरकरजी' के हमसे छिटकने का डर पल में काफूर कर देता है। और हम 'संतोष के समंदर' में डुबकी लगाते हुए निश्चिंत हो जाते है कि न तो 'हटकरजी' को अपनी 'उलटबांसियों को उगलने' के लिए हमारे जैसी 'कम्फर्टजोन' वाली कोई ठौर मिल सकती है और ना ही हमारे पास अपने कीमती समय के इत्तर उनकी शरण में समय गुजारने से बड़ा 'एंटरटेनमेंट का जोन' हो सकता है। हम आपको फिर से 'सोलह बिसवा सावधान' किए देते है कि हमारी बातों से आप 'हटकरजी' जैसी महान शख्सियत को कोई 'टाइमपास मूंगफली' समझने की भूल गलती से भी मत कर बैठना। ये आपका हाजमा बिगाड़ने और बैठे ठाले 'आ बैल मुझे मार' जैसी बिना बुलावे की 'मुसीबत को दावत' देने वाली 'भारी और भयंकर भूल' साबित हो सकती है। 'लेने के देने' भी पड़ सकते है। हमें तो जब से इस 'हटकर-बयानी' का रोग लगा है तब से ही 'हटकरजी' की ओर से उनकी



बातों को बतंगड़ में तब्दील करने के लिए कुछ अपनी 'नमक-मिर्ची बुरकाने का लाइसेंस' उन्होंने ही राजी-राजी दे रखा है। वैसे हमें तो अब इस बात का 'छोटा-मोटा मुगालता' हो चला है कि गोया हम उनकी 'बतकहियो की बही' आपके समक्ष बार-बार खोलकर नहीं बांचते तो उनकी 'सूरत और सीरत' को नित नए तरीके से संवारने और 'भेजाफ्राई' करने वाली उनकी स्टाइल को झेलने वाला कोई दूसरा 'माई का लाल' उनको नहीं। जबसे आप सुधी पाठकों की दृष्टि 'हटकरजी' के पुराण के इस एडिषन में 'डाटाखोर-डाटाटोर' के अजीबोगरीब शीर्षक पर पड़ी होगी, आप सोच रहे कि अब तक इस नए तिलिस्म का खुलासा करने की बजाय हम भी 'कंटीनुअसली' बेसिर पैर की हांके ही जा रहे है। पर इसमें अपुन का 'तिल भर का भी दोष' नहीं है। 'हटकरजी' के हर एपिसोड में ये सब 'नैचुरली' घटित हो जाता है। ये हमारे ऊपर 'हटकरजी' के प्रकांड प्रकोप के 'पुछल्ले' का 'क्षणिक प्रभाव' मात्र ही है।

आओ अब लौट चले 'मौका-ए-वारदात' की ओर...। अपुन का मतलब 'हटकरजी' की 'डाटाखोरी और डाटाटोरी' की नई थ्योरी से माथाफोड़ी के लिए तैयार रहे। वैसे डाटाखोर का मतबल तो आप कुछ-कुछ समझ गए होंगे। ये 'डाटाटोर' फिर कौनसी बला है? का कीड़ा अगर आपके दिमाग में 'किलोल' कर रहा हो तो हम इतना ईशारा कर देते है कि हमारे उधर पशुओं को 'हांकना', 'टोरना' कहलाता है। हो सकता है कि 'डाटाटोर' का शब्द 'हटकरजी' ने इसी से ईजाद किया हो। हटकरजी' फरमाते है कि ''एक दौर था जब 'मिसकॉलचियों (दूसरो के मोबाईल पर मिस कॉल करने वाली जमात) ने उनको जमकर छकाया-सताया। कॉल करने की अच्छी-खासी कीमत वाले उस कालखंड में ये 'मिसकॉलची' गाहे-बगाहे अपनी बात दूसरों तक पहुंचाने के लिए 'मिस्ड कॉल' के अस्त्र का कुशलता पूर्वक इस्तेमाल किया करते थे। आप भी सोच रहे होंगे कि 'मिस्ड कॉल' के करतबों के दौर को बीते जब अरसा हो गया तो बेवजह ये 'पोथी-पानड़ा' फिर से क्यों खोला जा रहा है? ठीक ऐसी ही सोच के साथ हमने 'हटकरजी' को टोकते हुए पूछ लिया कि अफीम का सेवन करने वालो के लिए 'अफीमची' जैसा शब्द तो हमने सुन रखा है, हो सकता है कि आपने इसी तर्ज पर 'मिसकॉलची' की उपमा घड़ी हो, पर अब जब सभी 'कॉल्स' फ्री है तो गड़े 'मुद्दों को उखाड़कर' काहे खामोख्याह सबकी 'मगजमारी' कर रहे हो? 'बतकही की बांसुरी' बजाते 'हटरकजी' के बढ़ते कदमों पर ब्रेक लगाने वाली हमारी इस 'मासूम गुस्ताखी' के बाद हमें लगा कि आज तो अपुन की खैर नहीं, भरी महफिल में हमारी शामत आने वाली है। मगर 'सरप्राईजिंगली' ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसके उलट 'हटकरजी' का रोम-रोम पुलकित होने लगा। कातिल मगर मीठी और करूणा से भरी मुस्कान के साथ उन्होंने सफाचट सिर के नीचे दमकती भौंहों से नजरे हमारी ओर तरेरी। मगर हमेशा की तरह भयाक्रांत होने के बजाए हमें लगा जैसे हमारे ऊपर उनकी 'कृपादृष्टि' की कोई लॉटरी खुल गई है। बीच महफिल 'हटकरजी' अपनी गद्दी छोड़कर सहसा उठे, फिर अनायास ही हमारी बाजू में आ टिके। अपुन के सिर पर ऐसे हाथ फिरा रहे थे, गोया अपना टनों आषीर्वाद उंडेल रहे हो। 'हटकरजी' ने उनकी वेवलेंथ को कुछ-कुछ पकड़ते हुए 'अफीमची' और 'मिसकॉलची' के बीच तारतम्य जोड़ने का करिश्मा कर गुजरने के लिए हमारी पीठ थपथपाई। 'हटकरजी' ने अपनी नई रिसर्च स्टोरी 'डाटाखोरी-डाटाटोरी' से पर्दा उठाते हुए सवाल दागा कि ''क्या आप लोगों को नहीं लगता टेलीकॉम इंडस्ट्री में आए क्रातिकारी बदलावों के बीच 'मिस्ड कॉल कल्चर' और 'मिसकॉलचियों' की जमात आज भी मजे से 'इमली के पत्ते पर डंड पेलने' में मशगूल है?'' भला अब भी कोई क्यों और क्योंकर 'मिस्ड कॉल' से दिल लगाए बैठा हो सकता है, यह सोचकर हमारे मन में 'हटकरजी' के सठियाने की हद पार करने का शक घर करने लगा। मगर 'हटकरजी' ने कथानक के अगले 'प्लॉट' में फरमाया कि 'मिसकॉलचियों' की जमात आजकल इंटरनेट के डाटा की 'डाटाखोरी-डाटाटोरी' के धंधे में लिप्त है। ''कोई गुजरे जमाने के इन 'मिसकॉलचियों' के मोबाईल की तलाशी ले तो इंटरनेट डाटा की मुफ्तखोरी के लिए दोस्तों, रिश्तेदारों से लेकर पड़ौसियों और ऑफिस, स्कूल, कॉलेज, बैंक तथा रेलवे स्टेशन जैसे न जाने कहां-कहां के वाई-फाई नेटवर्क के पासवर्ड उन्होंने 'सइजम' (सेव) कर रखे है। एक ओर जमाना इंटरनेट डाटा के लिए भारी-भरकम कीमत चुकाते हुए अपनी जेब खुशी-खुशी ढ़ीली करता है। वहीं ये 'डाटाखोर-डाटाटोर' टेलीकॉम कम्पनियों की 'जेबतराषी कला' को 'ठेंगा दिखाकर' खुले आम अपना 'उल्लू सीधा' रहे हैं।'' वाकई में 'हटकरजी' ने हमेषा की तरह अपने 'तर्कों के तरन्नुम' से सबको 'चारो खाने चित्त' कर दिया।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



दृश्य, अदृश्य कार्यकारण, सत्य-असत्य, सब कुछ वही है। वह ब्रह्म स्वरूप आत्मा न तो कभी जन्म लेता है और न मरता है, न बढ़ता है न घटता है। समस्त पदार्थों की भूत भविष्य वर्तमान सब काल में सत्ता का व साक्षी है। वह सब में है। अविनाशी है। वह अनुभव स्वरूप है ज्ञान रूप है। समस्त जीवधारियों में, प्राण रूप से है तो वह एक ही, किंतु स्थान और स्वरूप विशेष से उसके अनेक नाम हो जाते हैं। शरीरों के भिन्न-भिन्न होने पर भी प्राण तो सब में एक ही रहता है। उस परब्रह्म परमात्मा को प्राप्त करने का सरल उपाय है। निश्चल प्रेमा भक्ति। वह भक्ति अग्नि की तरह गुण और कर्मों से उत्पन्न हुए शरीर के सारे मलों को जला डालती है। जब चित्त शुद्ध हो जाता है तब उस परमात्मा के तत्व का यानि आत्म तत्व का साक्षात्कार होता है। विष्णु पुराण में भगवत शब्द का अर्थ करते हुए कहा गया है- अव्यक्त, अजर, अचिन्त्य, अज, अक्षय, अनिर्देष्य, प्राकृत रूप विहीन, सर्व शक्तिमान, सर्वगत, नित्य, सर्वकारण, अकारण, सर्वव्यापी, परम महत् और सर्व प्रकाश जो तत्व है और तत्व को जानने वाले व्यक्ति जिसको प्रत्यक्ष करते हैं वहीं वस्तु ब्रह्म है। वह परमतत्व सबकी अपेक्षा वृहत् और स्व प्रकाश है। मोक्ष की आकांक्षा करने वाले व्यक्ति इसी का सर्वदा ध्यान किया करते हैं। इसी परम तत्व का नाम ब्रह्म, परमात्मा और भगवान है। **क्रमशः**

## ओपिनियन

# मनोविज्ञान : क्यों मुश्किल है आराम से बैठना

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**डॉ. रामावतार शर्मा**
पत्रकार
@jagrukjanta.net

हम सब ने कछुए और खरगोश की कहानी सुनी होगी जहां सुस्त और धीमी गति के चलता कछुआ तेज तर्रार खरगोश से मैराथन जीत लेता है। कछुआ चाल में ही नहीं बल्कि श्वास लेने तक में आराम तलब होता है और कोई 150 से तथा कुछ मामलों में 250 वर्ष से भी अधिक उम्र तक जीवित रहता है। इसके विपरीत हर समय हड़बड़ाता, भागता दौड़ता और एक मिनट में कोई 30 - 60 बार सांस लेता खरगोश 8 - 12 वर्ष ही जिंदा रह पाता है। चिकित्सा विज्ञान के कुछ बड़े अध्ययन हमारे जीवन में आराम के महत्व को बताते हैं पर खरगोश के तरह भागते दौड़ते हम लोग इन महत्वपूर्ण दीर्घायु प्राप्त करने के क्षणों के बारे में जरा भी सुनने का समय नहीं निकाल रहे हैं और अपने आप को हर पल किसी न किसी प्रकार व्यस्त रखने के उपायों में लगे रहते हैं। कितने ही अध्ययन और डाटा विश्लेषण हमारे जीवन में आराम के महत्व को बताते हैं जिन्हें हम अनदेखा करते रहते हैं।

चूंकि आपको बचपन से ही आराम के बारे में विपरीत बातें बताई जाती रही हैं अब यदि संयोग या मजबूरी के चलते आप को एक दो घंटे निष्क्रिय रहने का अवसर मिल भी गया तो आप अपराध बोध से घिर जाओगे। कोविड महामारी के फलस्वरूप विकसित हुआ " वर्क फ्रॉम होम " तो व्यक्ति को परोक्ष रूप से गुलाम बनाता जा रहा है। व्यक्ति को पता ही नहीं चलता कि कब उसका मेल बॉक्स भर गया या व्हाट्सएप पर कितने निर्देश एवम् कार्य आ गए जो व्यक्ति की शाम को निगल जायेंगे। आज के तथाकथित सफल युवक को यदि किसी दुपहरी एक दो घंटा नींद आ जाए, कोई उपन्यास अपने में समाहित कर ले, कोई सिनेमा रोचक लगे और दो घंटे निकल जाएं तो वह व्यक्ति एक तरह के अपराध बोध से ग्रसित हो जाता है कि उसने इतना समय बर्बाद कर दिया। सालों साल बीत जाते हैं या फिर पूरा जीवन ही चला जाता है पर " बैठे रहें तसव्वुर-ऐ, जानां किए हुए" के पल नहीं मिलते। अपनी कल्पनाओं में खोना, रूमानियत के चंद पल जरा 4हठ्ठ ही गढ़ लेना और मुस्कुरा देना आदि सभी मानवीय गुण अब आपसे छीन लिए गए लगते हैं। पूरा जीवन मानो एक दौड़ है जहां आपको कछुआ नहीं खरगोश बनाया जा रहा है जहां भागते रहो और ज्योंही उपयोगी न रहो तो बस चलते बनो। पर एक बात की जानकारी हमेशा रहनी चाहिए कि जीवन जितना महत्व संतुलित भोजन, कसरत और कार्य का है उतना ही आराम का भी है। एक बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने के लिए सिर्फ काम ही जीवन है इस प्रदूषित विचार से बाहर निकलिए और काम एवम् आराम के बीच एक संतुलन बनाइए। आराम की कमी शरीर में दीर्घकालिक बीमारियों को जन्म दे सकती है और कुछ मामलों में तो असामयिक मृत्यु का कारण भी बन सकती है। एक आधा घंटे का आराम आपकी रोग प्रतिरोधक शक्ति को बढ़ाता है, क्रियाशीलता को प्रोत्साहित करता है, उत्पादकता को बढ़ावा देता है और मस्तिष्क को राहत मिलने से आपके व्यवहार तथा सामाजिक जीवन को परिष्कृत करता है। आराम करने से पारासिंथेटिक तंत्रिका तंत्र सक्रिय होता है जो भोजन को पचाने तथा श्वसन तंत्र को प्रभावी बनाने में सहायक होता है। इसलिए घर पर बच्चों के साथ समय बिताइयें, किसी कहानी या उपन्यास में खो जाए, बागवानी भी एक बेहतर विकल्प है और यदि आपको कुकिंग आती है तो एक आध घंटे अपने रसोईघर में बिताइए। एक समय के बाद आप पाएंगे कि ऐसा कुछ करके आप समय को बर्बाद नहीं कर रहे हैं बल्कि दीर्घायु की तरफ एक कदम उठा रहे हैं।

आपको इस सीमा तक कार्य भी नहीं करना चाहिए कि वह आपको मात्र एक जिंदा मशीन बना डाले। जीवन का उद्देश्य मात्र धन और वस्तु संग्रहण करना नहीं है। यदि आपने ऐसा किया तो न आप जीवन को समझ पाएंगे और ना ही कभी आनंदित रह पाएंगे। दिन में 6-7 घंटे काम कीजिए और उसके बाद रील्स, इंस्टाग्राम या राजनीतिक बहस के दलदल से दूर हट कर एक आध घंटे ऊपर बताई एक दो विधियों को समय दीजिए। जिस प्रकार एक बीमार व्यक्ति को आराम की आवश्यकता होती है उसी प्रकार थके मस्तिष्क और जकड़ी मांसपेशियों को भी सुस्ताने की जरूरत होती है। कर्म यदि जीवन का धर्म है तो शुकून के चंद पल इस धर्म पालन में आपके सहायक होंगे। संतुलित आराम शरीर का अधिकार है इसलिए न तो आप यह अधिकार अपने शरीर से छीनिए और ना ही किसी अन्य को छीनने दीजिए।

## जागरूक जनता Selfie विद सन



सहज पुत्र प्रियंका-अनुज चतुर्वेदी, जयपुर

### हमे भेजें

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता** पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 23/10/2024**

**सूर्योदय** : 06:34 **सूर्यास्त** : 17:46 **चन्द्रोदय** : 23:04 **चन्द्रास्त** : 12:39 **शक सम्वत** : 1946 क्रोधी **अमान्ता महीना** : आश्विन **पूर्णिमांत** : कार्तिक **सूर्य राशि** : तुला **चन्द्र राशि** : मिथुन **पक्ष** : कृष्ण **तिथि** : सप्तमी, 25:22 तक **चन्द्रमास कार्तिक** : पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत** : 2081 पिङ्गल **आश्विन** : अमान्त **गुजराती सम्वत** : 2080 राक्षस **वार** : बुधवार

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र** : पुनर्वसु, 30:12 तक
**योग** : शिव, 06:52 तक
**प्रथम करण** : विष्टि, 13:22 तक
**द्वितिय करण** : बावा, 25:22 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:45 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 05:11 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 01:58 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 05:43 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 05:43 पी एम से |
| अमृत काल | 3:48 एएम, अक्टूबर 24 से |
| निशिता मुहूर्त | 11:40 पी एम से |
| रवि योग | 12:52 ए एम, अक्टूबर 24 से |

**निवास और शूल**
दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
होमाहुति : गुरू
अग्निवास : पृथ्वी

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:34 - 07:58 | उद्वेग : 17:46 - 19:22 |
| अमृत | : 07:58 - 09:22 | शुभ : 19:22 - 20:58 |
| काल काल वेला | : 09:22 - 10:46 | अमृत : 20:58 - 22:34 |
| शुभ | : 10:46 - 12:10 | चर : 22:34 - 00:10 |
| रोग वार वेला | : 12:10 - 13:34 | रोग : 00:10 - 01:46 |
| उद्वेग | : 13:34 - 14:58 | काल : 01:46 - 03:22 |
| चर | : 14:58 - 16:22 | लाभ : 03:22 - 04:58 |
| लाभ | : 16:22 - 17:46 | उद्वेग : 04:58 - 06:34 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज सप्तमी

### आज कौन सा कार्य करें

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण नहीं देना चाहिए।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

कार्तिक, कृष्ण, सप्तमी, 2081 बुधवार, 23 अक्टूबर - 29 अक्टूबर, 2024

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
लेन-देन में जल्दबाजी न करें, सावधानी रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा। चोट व दुर्घटना से हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सरि य रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ का शपथ-ग्रहण, सम्मान एवं निवेश प्रोत्साहन समारोह

# 1235 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग लगाने का लक्ष्य




जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ द्वारा शपथ-ग्रहण, सम्मान एवं निवेश प्रोत्साहन समारोह एक होटल में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य अशोक कुमार गुप्ता रहे।

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता ने आयोजित समारोह में राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की कार्यकारिणी का विकेन्द्रीकरण करते हुए तीन भागों में विभाजित कर अधिकार एवं कर्श्रव्य निर्धारित किये। प्रांतीय कार्यकारिणी, संभागीय कार्यकारिणी और जिला स्तरीय कार्यकारिणी को समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान मानवाधिकार आयोग के सदस्य अशोक कुमार गुप्ता द्वारा शपथ दिलायी गयी।

राज्य की 247 मण्डियों, आटा मीलों, दाल मीलों, तेल मीलों तथा मसाला उद्योगों को संघ की नवगठित कार्यकारिणी में प्रतिनिधित्व दिया गया। राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ का विस्तार करते हुए 20 जिलों में अध्यक्ष बनाये गये। संभागीय स्तर पर सातों संभाग के प्रभारी बनाये गये तथा इनकी कार्यकारिणी में यथा- प्रभारी, उपाध्यक्ष, संगठन मंत्री, संयुक्त मंत्री आदि बनाये गये। संभागीय पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी के सदस्यों की संख्या 72 रही। संघ की हाईपावर कमेटी प्रान्तीय कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिसमें एक कार्यकारी अध्यक्ष, दो संरक्षक, एक सलाहकार, छह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एक महामंत्री, दो अतिरिक्त महामंत्री, दो मंत्री, एक कोषाध्यक्ष, एक सह कोषाध्यक्ष, दो संगठन मंत्री, तीन संयुक्त मंत्री तथा दाल मिल प्रकोष्ठ में एक उपाध्यक्ष, एक संगठन मंत्री व एक विषय सलाहकार बनाये गये। इसी प्रकार तेल मिल एवं मसाला उद्योग से पदाधिकारी बनाये गये तथा 11 कार्यकारिणी के सदस्य बनाये गये। कुल 41 सदस्यों की प्रान्तीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।

---

आयुर्वेद विभाग द्वारा 29 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन

# धन्वन्तरि जयन्ती पर्व पर आरोग्य सप्ताह का हुआ शुभारंभ

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** धन्वन्तरि जयन्ती पर्व (आयुर्वेद दिवस) अवसर पर जयपुर जिले में आरोग्य सप्ताह का शुभारंभ हुआ। सप्ताह के तहत 29 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में मंगलवार को आयुर्वेद पर रोगी जागरूकता व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जयपुर जिले के नोडल प्रभारी डॉ. अंशुमान चतुर्वेदी ने बताया कि धन्वन्तरी सप्ताह के दौरान 23 अक्टूबर को कार्यस्थल स्वास्थ्य के लिये आयुर्वेद पर व्याख्यान, 24 अक्टूबर को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम, जिसमें महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया जावेगा। 25 अक्टूबर को आयुर्वेद में प्रकृति परीक्षण पर आधारित कार्यक्रम, 26 अक्टूबर को आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिये सार्वजनिक रैली या दौड़ का आयोजन, 27 अक्टूबर को आयुर्वेद निःशुल्क परामर्श निदान एवं उपचार शिविर 28 अक्टूबर को आयुर्वेद समर्थन के लिये सेल्फी अभियान और अन्त में 29 अक्टूबर को धन्वन्तरि पूजन एवं समारोह का आयोजन किया जावेगा। आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. पी.एल.मीना ने बताया कि धन्वन्तरी आरोग्य सप्ताह जिला स्तर, ब्लॉक स्तर एवं दूरदराज के सभी चिकित्सालयों एवं औषधालयों में मनाया जा रहा है। साथ ही आयुर्वेद विभाग द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं जिसमें मौसमी बीमारियों की रोकथाम, बचाव और उपचार के लिये सभी औषधालयों प्रभारियों द्वारा क्वाथ वितरण निःशुल्क परामर्श, चिकित्सा कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इन शिविरों में मौसमी बीमारियों के साथ-साथ सामान्य ज्वर, सर्दी खॉसी, निमोनिया, अतिसार, मधुमेह उच्च रक्तचाप थाईराईड, जोड़ों का दर्द, कमरदर्द, आदि विभिन्न रोगों के हजारो मरीजो ने चिकित्सा परामर्श ओर निशुल्क औषधियाँ प्राप्त की।

---

# राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड ने भर्ती सम्बंधी 2 साल का कलेण्डर किया जारी

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान राज्य कर्मचारी चयन बोर्ड ने अक्टूबर, 2024 से जून, 2026 तक आयोजित होने वाली 70 भर्ती परीक्षाओं का विस्तृत कलेण्डर जारी कर दिया है जिसमें आवेदन, परीक्षा, दस्तावेज सत्यापन समेत विभिन्न बिन्दुओं की तिथिवार घोषणा की गई है।

कलेण्डर के अनुसार 2024 में अक्टूबर से दिसम्बर तक 11 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। राजस्थान में अगले 2 साल में परीक्षाये कब-कब होंगी और उनके परिणाम कब जारी होंगे, इसका सम्पूर्ण विवरण इस कलेण्डर में निहित है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने युवाओं के हितों को ध्यान में रखते हुए भर्ती परीक्षा आयोजित करवाने वाली एजेंसियों (कर्मचारी चयन बोर्ड, आरपीएससी) को भर्ती परीक्षा का शेड्यूल जारी करने और जल्द परीक्षाएं करवाने के निर्देश दिये थे। इसी निर्देश की पालना में कर्मचारी चयन बोर्ड ने सोमवार को अपनी भर्ती परीक्षाओं की तारीखों का संशोधित कलेण्डर जारी किया है।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के द्वारा की गई घोषणा के क्रम में रोजगार के क्षेत्र में यह महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। राज्य के इतिहास में पहली बार प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए भर्ती कैलेण्डर जारी करना एक अभूतपूर्व उपलब्धि मानी जा रही है। भर्ती कलेण्डर में 70 प्रतियोगी परीक्षाओं के दिन और उनका परिणाम जारी करने की तिथि तक अंकित की गई है।

भजन लाल सरकार ने 5 साल में 4 लाख सरकारी नौकरी और 6 लाख लोगों को कौशल विकास के साथ रोजगार देने का वादा किया है। सरकार की कथनी और करनी में कोई अन्तर नहीं है। राज्य में दिसम्बर, 2024 तक लगभग 1 लाख से ज्यादा विभिन्न सरकारी पदों पर नियुक्ति देने के लिए विज्ञप्तियां जारी कर दी गई हैं।

---

योजनाओं में सुधार और भविष्य की संभावनाओं पर चर्चा

# प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पाने का है समान अधिकार-कुणाल

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर में मंगलवार को झालाना स्थित शिक्षा संकुल में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें सरकारी विद्यालयों में चल रही योजनाओं की प्रगति, संचालन और नवाचारों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता कृष्ण कुणाल, शासन सचिव, स्कूल शिक्षा, भाषा, पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग ने की।

कुणाल ने सरकारी योजनाओं में सुधार के साथ आवश्यक सुझावों को जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी, प्रारंभिक शिक्षा, सेकेंडरी शिक्षा, पीएम श्री और बालिका शिक्षा में आवश्यक सुधारों पर जोर दिया। इसके अतिरिक्त, बालिका शिक्षण संस्थानों में "गुड टच-बैड टच" जैसी विषयों पर जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

शासन सचिव ने राजस्थान की शिक्षा प्रणाली का अन्य राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम और आंध्र प्रदेश की शिक्षा पद्धति से तुलनात्मक अध्ययन करने के निर्देश दिए।

---

# चेतना व उत्साह से परिपूर्ण कविताओं के साथ संपन्न हुआ एकेडमिया वर्ल्ड एड्यू फेयर-2024

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् द माहेश्वरी समाज, जयपुर के द्वारा 21, 22 अक्टूबर, 2024 को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में द्विदिवस तक आयोजित हुआ एकेडमिया वर्ल्ड एड्यु फेयर - 2024 अनेक उपलब्धियांपूर्वक स्टार कवयित्री अनामिका जैन अंबर की उत्साह व चेतना से भरी कविताओं व उनके प्रेरक उद्बोधन के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में सीए, मास कम्युनिकेशन, इवेंट मैनेजमेंट, होटल मैनेजमेंट, वेब डिजाइनिंग जैसे विषयों पर 8000 से अधिक विद्यार्थियों के साथ कॅरियर निर्माण को लेकर विशेष संवाद किया गया। द्विदिवसीय कॅरियर फेयर - 2024 कई विशेष उपलब्धियों से भरा रहा, जिसके अंतर्गत दो दिनों में अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ 80 से अधिक स्पीकर्स द्वारा 75 से अधिक सत्रों में कॅरियर निर्माण से जुड़े हुए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। देशभर के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों ने कॅरियर फेयर में सम्मिलित होकर 15000 से अधिक विद्यार्थियों को अपने पाठ्यक्रमों की जानकारी से अवगत कराया।

फेयर के समापन समारोह के अवसर पर आमंत्रित अतिथियों के साथ ईसीएमएस के अध्यक्ष केदारमल भाला, महा सचिव शिक्षा मधुसूदन बिहानी, कोषाध्यक्ष सीए अनिल शारदा, कंवीनर सीए गणेश बांगड़, को-कंवीनर अजय सारड़ा, तथा एड्यु फेयर- 2024 की कॉर्डिनेटर रीटा भार्गव की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। सम्मानित अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में सादर आमंत्रित स्टार कवयित्री डॉक्टर अनामिका जैन अंबर ने समाज, राष्ट्र, नारी सम्मान, कॅरियर निर्माण व अन्य जागरूकता से जुड़े विषयों पर मन को छू लेने वाली कविताओं की प्रस्तुति देकर संपूर्ण कार्यक्रम को एक विशेष चेतना व ऊर्जा प्रदान करने का कार्य किया।

जागरूक जनता jagrukjanta.net फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

---

# ओडिशा के 40 चिकित्साधिकारियों के 6 दिवसीय कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर में ओडिशा सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों के लिये हेपटोबिलरी रोगों के संबन्ध में 6 दिवसीय "कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम" 14 से 19 अक्टूबर तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ओड़िशा राज्य से 40 चिकित्सकों ने भाग लिया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में यकृत एवं पित्त से सम्बन्धी रोगों के आयुर्वेद चिकित्सा से निदान एवं उपचार के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

कौशल प्रशिक्षण कार्यशाला में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कुलपति प्रोफेसर संजीव ने ओडिशा सरकार के प्रयास की प्रंशसा करते हुए कहा कि इस कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम से राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आमजन के स्वास्थ्य और आयुर्वेद चिकित्सा में किये जा रहे विकास कार्यो, रिसर्च और चिकित्सा की जानकारी और अनुभव का लाभ कार्यशाला में भाग लेने वाले चिकित्सकों के साथ अन्य राज्यों के चिकित्सकों को भी मिलेगा।

कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुदीप्त रथ ने बताया की राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा आयुर्वेद के क्षेत्र में किया जा रहे कार्यो रिसर्च और चिकित्सा की जानकारी के लिए निरंतर इस प्रकार के कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहे हैं। अभी तीन चरणों में कार्यशालाओं को किया जा रहा है, जिम प्रथम चरण की कार्यशाला का समापन हो गया है। इस कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम को मिशन निदेशालय, NHM, ओडिशा द्वारा प्रायोजित किया गया।

---

यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट जयपुर/कोलकाता

# अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता आयोजित

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**जयपुर।** यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर/कोलकाता द्वारा नरबदा भवन, झुंझुनू जिले के शीर्ष विद्यालयों के बीच सबसे बड़ी अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर के वाईस चांसलर प्रो डॉ बिस्वजॉय चटर्जी, रजिस्ट्रार डॉ प्रदीप कुमार शर्मा, कृशानु बनर्जी, सचिन पांडेय आदि ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता में एबीएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्री रानी सेइंग जी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शिशु विद्या विहार स्कूल, ज्योति विद्यापीठ, रवीन्द्र पब्लिक स्कूल, झुंझुनू अकादमी, अरविंद पब्लिक स्कूल, ए.बी.एन. एसआर. माध्यमिक विद्यालय, एस.एस. मोदी विद्या विहार, रवीन्द्र पब्लिक स्कूल, जी. बी. मोदी पब्लिक स्कूल, आदि सहित झुंझुनू के अधिकतम टॉप स्कूलों से विज्ञान के छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/ कोलकाता द्वारा "झुंझुनू अकादमी" को अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर चैंपियन स्कूल व "जी.बी. मोदी पब्लिक स्कूल" झुंझुनू को उपविजेता स्कूल वर्ष 2024 का ख़िताब देकर पुरस्कृत किया गया।

उपरोक्तानुसार अंतर-विद्यालयीय तकनीकी प्रतियोगिता में छात्रों ने पांच स्पर्धाओं 1. NIRMANA - विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता - कक्षा 9 से 12 तक, 2. पाइथागोरस स्टार - मैथ्स टेस्ट - कक्षा 9 और 10 तक, 3. PYTHAGORAS PRO - मैथ्स टेस्ट - कक्षा 11 और 12 तक, 4. जिज्ञासा प्रतियोगिता कक्षा-11 से 12 तक व 5. जनरल-क्विज प्रतियोगिता कक्षा-09 से 12 में भाग लिया।

प्रत्येक कार्यक्रम के लिए प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले छात्रों को यूनिवर्सिटी ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (यूईएम), जयपुर/कोलकाता की और से नकद पुरस्कार के साथ साथ योग्यता प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले अन्य छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विश्विद्यालय के रविंद्र मांजू, ऋदय बनर्जी, शुभदीप घोष, पिनाकी करमाकर के अलावा एडमिशन विभाग के आशुतोष गौतम, विष्णु जगाका, महेश चौधरी, बाबूलाल शर्मा, अभिषेक शर्मा, शशि कांत मधुकर, श्याम प्रताप भी शामिल हुए साथ ही कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथिओं का यूनिवर्सिटी कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

---

कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर

# पांच दिवसीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आगाज



जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में पांच दिवसीय अंतर महाविद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि अतिरिक्त आयुक्त जेडीए डॉ एसपी सिंह ने किया व कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविधालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने की। डॉ एसपी सिंह ने कहा कि अपने ही कॉलेज का मुख्य अतिथि बनकर गर्व महसूस हुआ। उन्होंने कहा कि जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय शिक्षा एवं अनुसंधान में भी पूरे राजस्थान में ही नहीं अपितु पूरे भारत में पहचान रखता हैं। एक अच्छा खिलाड़ी न केवल मैदान पर बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफल होता है। साथ ही कहा कि खेलकूद पारस्परिक कौशल के साथ- साथ पूर्ण व्यक्तित्व विकास में सहायक है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों को प्रतिभा दिखाने का अवसर देती है।

विश्वविधालय के कुलपति डॉ बलराज सिंह ने पांच दिवसीय खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की विधिवत घोषणा की। डॉ बलराज सिंह ने सभी खिलाड़ियों को पूर्ण ईमानदारी, निष्ठा और अनुशासन बनाए रखने की एवं नया भारत बनाएंगे, खेलेंगे और खेलना सिखाएंगे कि शपथ दिलाई। प्रतियोगिता में 14 महाविद्यालय के लगभग 700 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के अधिकारी, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर एवं कर्मचारी साथ ही कृषि विवि के 700 खिलाड़ी एवं अन्य छात्र-छात्राए मौजूद रहे।



# वर्किंग कपल
## रिश्ते पर जब पड़े वर्क स्ट्रेस का असर

आज के समय में अधिकांश कपल्स वर्किंग होते हैं। दोनों वर्क स्ट्रेस से घिरे रहते हैं, इससे मैरीड लाइफ में बहुत सी प्रॉब्लम्स जन्म लेने लगती हैं। मनमुटाव पैदा होने के साथ पार्टनर से दूरियां बनने लगती हैं। वर्किंग कपल्स के बीच और किस तरह की प्रॉब्लम्स पैदा होती हैं, इनसे वे कैसे बचें, इन्हें कैसे खत्म करें, एक्सपर्ट की सलाह।

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

आज महानगरों में ही नहीं, छोटे शहरों में भी वर्किंग कपल्स की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कपल्स में मेल अपने करियर को लेकर जितने सीरियस होते हैं, वूमेन भी उतनी ही सीरियस होती हैं। यानी दोनों ही अपने करियर में तरक्की के ख्वाहिशमंद हैं। इसके लिए दोनों अपने-अपने प्रोफेशन में बहुत मेहनत करते हैं। ऑफिस में काफी समय भी देना पड़ता है। साथ ही वर्क प्लेस का माहौल भी काफी कॉम्पिटिटिव होता है। इससे वे ज्यादा काम के कारण तनाव के शिकार हो जाते हैं। इस तरह का वर्क स्ट्रेस जहां कपल्स की मेंटल हेल्थ पर असर डालता है, वहीं इसका रिश्ते पर भी बुरा असर पड़ता है। इस तरह का वर्क स्ट्रेस, शादी-शुदा जिंदगी में और भी कई तरह की प्रॉब्लम्स को जन्म देता है। ये प्रॉब्लम्स क्या हो सकती हैं? इनको कपल्स साथ मिलकर कैसे दूर करें, जिससे वे अपना दांपत्य जीवन बिना तनाव से जिएं, इस बात को हर वर्किंग कपल को समझना चाहिए।

### एक-दूसरे के साथ नहीं बिता पाते समय

आज जिस तरह के वर्क कल्चर का हम हिस्सा हैं, उसमें कॉम्पिटिशन काफी बढ़ चुका है। इसलिए हर किसी को करियर में सफल होने के लिए बहुत एफर्ट करने पड़ते हैं। तब जाकर मनचाहा सैलरी पैकेज मिल पाता है, आगे कड़ी मेहनत करके प्रमोशन मिलता है। लेकिन वर्क प्लेस पर सिर्फ अच्छा पैकेज और प्रमोशन ही लोगों के हिस्से नहीं आता, वर्क स्ट्रेस भी उनकी जिंदगी का हिस्सा बन जाता है। ऑफिस में मिले इस तनाव के कारण लोग खुद को मेंटली-फिजीकली काफी थका महसूस करने लगते हैं। ऐसे में घर आकर वे पार्टनर के साथ बातचीत के इच्छुक नहीं रहते हैं। बहुत से वर्किंग कपल्स लैपटॉप खोलकर ऑफिस के काम निपटाने में लग जाते हैं या फिर डिनर के बाद सोशल मीडिया पर एक्टिव हो जाते हैं। वे ऑफिस में मिले तनाव को दूर करने के लिए सोशल मीडिया पर रील्स देखते हैं या दोस्तों से चैट करते हैं। कई बार तो किसी अनजान शख्स से भी ऑनलाइन जुड़ जाते हैं, उससे इमोशनल सपोर्ट की उम्मीद करते हैं। लेकिन अपने लाइफ पार्टनर के साथ बातचीत करना वे अवॉयड करते हैं। दरअसल, इसके पीछे एक ही कारण होता है, पार्टनर से बातचीत करेंगे तो किसी ना किसी फैमिली प्रॉब्लम पर चर्चा होगी, जो उनके तनाव को और बढ़ा देगी। इसलिए वे इस घरेलू तनाव से बचने की कोशिश करते हैं। जब ऐसी स्थिति लगातार बनी रहती है तो रिश्ते में प्रॉब्लम्स बढ़नी शुरू हो जाती हैं।



### प्यार हो जाता है कम-बढ़ती है दूरी

जब वर्किंग कपल्स एक-दूसरे को समय नहीं देते हैं, एक-दूसरे से मन की बातें-समस्याएं साझा नहीं करते हैं, तो उनके रिश्ते में दूरियां बनने लगती हैं। दोनों साथ होकर भी, साथ नहीं होते हैं। उनके बीच जो प्यार था, वह भी कम होने लगता है। फिजीकल इंटीमेसी भी उनके बीच कम होने लगती है, जबकि किसी भी रिश्ते में इमोशनल कनेक्शन के साथ फिजीकल इंटीमेसी का होना भी जरूरी है। लेकिन वर्क स्ट्रेस के कारण वर्किंग कपल्स की मैरीड लाइफ बेरंग होने लगती है। वे वर्क स्ट्रेस से इतना परेशान होते हैं कि अपनी शादी-शुदा जिंदगी को बेहतर बनाने की कोशिश ही नहीं करते हैं। एक समय के बाद तो उन्हें लगने लगता है कि उनका पार्टनर, उनकी कद्र ही नहीं करता है तो फिर वह भी क्यों अपने पार्टनर की परवाह करें? इसी वजह से उनके रिश्ते में दूरी बढ़ती है, प्यार भी कम होने लगता है।

### बढ़ जाती है आपसी कलह

वर्क स्ट्रेस की वजह से कपल्स पहले ही एक-दूसरे को बहुत कम समय देते हैं, उनके बीच दूरियां पहले ही बढ़ चुकी होती हैं। साथ ही वे काम के तनाव के कारण बहुत चिड़चिड़े हो जाते हैं। यह चिड़चिड़ापन रिश्ते में तनाव और कलह की वजह बनता है। दरअसल, जब कोई व्यक्ति पहले से चिड़चिड़ा हो तो वह किसी भी बात का जवाब सही तरीके से नहीं देगा। वह कोई ना कोई ऐसी बात बोल देगा, जो सामने वाले को बुरी लग सकती है। वर्किंग कपल्स के साथ भी ऐसा ही होता है। उनके बीच घर को लेकर, बच्चों को लेकर और जरूरी जिम्मेदारियों, कामों को लेकर झगड़े होते हैं। कई बार तो छोटी-छोटी बातों पर कलह अधिक बढ़ जाती है, जिससे रिश्ता टूटने की स्थिति तक पहुंच जाता है।



### समाधान के लिए ये बातें अमल में लाएं

ऐसा नहीं है कि वर्क स्ट्रेस की वजह से खराब हो रहे अपने रिश्ते को कपल्स संभाल नहीं सकते हैं। वे अपने रिश्ते को सहजता से मधुर बना सकते हैं। बस इसके लिए दोनों को मिलकर कोशिश करनी होगी, इसके लिए कुछ जरूरी बातों को अमल में लाना होगा।

**एक-दूसरे को करें सपोर्ट:** सबसे पहले तो कपल्स को इस बात को समझना होगा कि वे दोनों ही परिवार के लिए काम कर रहे हैं, कमा रहे हैं। इसलिए वर्किंग कपल्स एक-दूसरे को पूरा सपोर्ट दें। दोनों को अपने वर्क स्ट्रेस के बारे में, एक-दूसरे से बात करनी चाहिए। क्योंकि बात करने से ही हर समस्या का समाधान निकलता है। इस तरह बात करके ही वर्किंग कपल्स भी अपने वर्क स्ट्रेस को मिलकर दूर कर पाएंगे। जब आपसी कोशिशों से वर्क स्ट्रेस कम होगा, तो पति-पत्नी एक साथ सुकून भरा वक्त भी बिता पाएंगे।

**सही ढंग से सेट करें अपना करियर गोल:** कई बार कपल्स को वर्क स्ट्रेस इसलिए भी होता है कि वह अपने लिए बहुत बड़े करियर गोल्स या लक्ष्य सेट कर लेते हैं। अगर वे उन गोल्स को अचीव नहीं कर पाते हैं तो तनाव का शिकार हो जाते हैं। ऐसी स्थिति ना बने, इसके लिए कपल्स को तय कर लेना चाहिए कि वे ऐसे करियर गोल्स सेट करें, जिन्हें बिना अधिक तनाव लिए हासिल किया जा सके।

**कपल्स साझा करें अपनी प्रॉब्लम्स:** वर्किंग कपल्स को अपने कम्युनिकेशन पर भी ध्यान देना चाहिए। कभी भी अपने पार्टनर को ताना देकर बात नहीं करनी चाहिए। ना ही अपने बीच की समस्याओं को पेरेंट्स या फ्रेंड्स के साथ शेयर करना चाहिए। अपने बीच की प्रॉब्लम को बैठकर, आपसी बातचीत से हल करना चाहिए।

**योगा-मेडिटेशन करें:** वर्क स्ट्रेस की प्रॉब्लम अगर अधिक बढ़ गई है, इसका असर रिश्ते पर हो रहा है तो योगा-मेडिटेशन का सहारा लें। इससे तनाव कम होगा, मन शांत रहने लगेगा। एकाग्रता भी बढ़ेगी। ऐसा होने पर ही वर्किंग कपल्स अपने रिश्ते पर और ज्यादा ध्यान दे सकेंगे।



**एक्सपर्ट की लें सलाह:** अगर कपल्स की तमाम कोशिशों के बाद भी वर्क स्ट्रेस रिश्ते पर हावी हो रहा है, तो ऐसे में कपल्स को एक्सपर्ट की सलाह लेनी चाहिए। वे आपको सही तरह से गाइड करेंगे, जिससे आपका रिश्ता बेहतर हो पाएगा।

**(क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट एंड मैरिज काउंसलर दीपाली बत्रा से बातचीत पर आधारित)**

# अपनाएं ये 5 सेल्फ
## हमेशा रहेंगी सक्सेसफुल

अपनी लाइफ में अगर आपको हमेशा सक्सेसफुल होना है तो सबसे पहले दूसरों पर अधिक निर्भरता छोड़नी होगी। इसके लिए आपको खुद में '5 सेल्फ' क्वालिटीज को विकसित करना होगा। ये आपकी पर्सनालिटी को स्ट्रॉन्ग बनाकर आपको सक्सेस की राह पर लाएंगे। इन्हें अपनाइए और लाइफ में हर कदम सक्सेस की सीढ़ियां चढ़ती जाएं।



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

### 1. सेल्फ कॉन्फिडेंस

सेल्फ कॉन्फिडेंस यानी आत्मविश्वास। 'आत्म' यानी स्वयं और 'विश्वास' यानी भरोसा। आत्मविश्वास का अर्थ है, अपने ऊपर भरोसा रखना। जब हम कोई काम कर रहे हैं, तो हमें अपने ऊपर पूरा भरोसा होना चाहिए, यह काम कर हम सकते हैं। इस भरोसे के साथ निश्चित रूप से वह काम सही ढंग से पूरा होगा। यह एक मनोविज्ञान है, जो व्यक्ति आत्मविश्वास से ओत-प्रोत होता है, उसे अपने भविष्य के प्रति किसी प्रकार की चिंता नहीं रहती।

### 2. सेल्फ डिपेंड

सेल्फ डिपेंड यानी कि आत्मनिर्भर। किसी भी कार्य के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहकर स्वयं ही उस कार्य को करना आत्मनिर्भरता कहलाता है। कुछ लोगों की यह आदत होती है कि चाहे कोई भी काम हो, वे कोशिश करते हैं कि दूसरों से करवा लिया जाए। जैसे कि कुछ महिलाएं कोई काम करने के बाद उससे जुड़े सामान या कपड़े बदलने के बाद कपड़े वहीं छोड़ देती हैं कि कोई दूसरा इन्हें समेट कर सही जगह रख देगा, यह आदत सही नहीं है। लेकिन जो लोग अपने सामान व्यवस्थित जगह पर रखते हैं, अपना काम जितना हो सके खुद ही करते हैं, ऐसे लोग सेल्फ डिपेंडेंट होते हैं, अपने किसी भी काम के लिए दूसरों का मुंह नहीं देखते। अपना समय और एनर्जी बचाने के लिए हमें सेल्फ डिपेंड या आत्मनिर्भर जरूर होना चाहिए, यह बहुत जरूरी है।

### 3. सेल्फ डिफेंस

सेल्फ डिफेंस का अर्थ है आत्मरक्षा। किसी भी स्थिति में हम अपनी रक्षा खुद कर सकें, यह महिलाओं के लिए आज की एक बड़ी जरूरत है। अपनी सुरक्षा के लिए दूसरों पर निर्भर रहना सही नहीं है। हममें इतनी ताकत, क्षमता और शक्ति होनी चाहिए कि किसी भी परिस्थिति का सामना हम निडरता से कर सकें। इसके लिए जरूरी है, हम स्वयं को शारीरिक और मानसिक रूप से तैयार करें।

### 4. सेल्फ कंट्रोल

सेल्फ कंट्रोल यानी आत्म-नियंत्रण। आत्म-नियंत्रण का अर्थ है अपने पर कंट्रोल। जब हम कोई निश्चय कर लें कि हमें यह नहीं करना है, तो हमारे भीतर दृढ़ संकल्प की भावना उत्पन्न होती है, जैसे-मुझे चाय या कोल्ड ड्रिंक नहीं पीनी है तो फिर कोई लाख कोशिश कर ले,आप चाय-कोल्ड ड्रिंक नहीं पिएंगी। इसी प्रकार यदि सुबह जल्दी उठने का नियम आपने बनाया है और आप बिना किसी के कहे स्वयं ही समय पर उठ जाती हैं। अपने क्रिया-कलाप नियमित रूप से सही ढंग से करती हैं, तो यही अपने ऊपर नियंत्रण या सेल्फ कंट्रोल कहलाता है। सेल्फ कंट्रोल के द्वारा आप अपनी कोई बुरी आदत छोड़ना चाहें तो निश्चित रूप से छोड़ सकती हैं।

### 5. सेल्फ मोटिवेशन

सेल्फ मोटिवेशन यानी खुद को किसी भी अच्छे काम के लिए प्रेरित और प्रोत्साहित करना। अकसर हम दूसरों से प्रोत्साहन की उम्मीद करते हैं, लेकिन जब तक हम स्वयं खुद को मोटिवेट नहीं करेंगे, तब तक किसी काम में सफल नहीं हो सकेंगे। अतः सेल्फ मोटिवेशन हमारे जीवन में एक अनिवार्य तत्व है।

निश्चित रूप से कह सकते हैं कि ये '5 सेल्फ' जिस किसी ने अपने जीवन में धारण कर लिए, वह सफलता के मार्ग पर अवश्य ही आगे बढ़ेगा। जीवन को सफल और खुशहाल बनाने के लिए ये '5 सेल्फ' बेहद जरूरी हैं।



केयर
शहनाज हुसैन
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# फेस्टिव ऑकेजन पर दिखेगी
## आपकी स्किन सॉफ्ट-ग्लोइंग

इन दिनों आप दिवाली की तैयारियों में जुटी होंगी। दिवाली के लिए घर की साफ-सफाई, डेकोरेशन, लाइटिंग और शॉपिंग की वजह से स्किन पर धूल, मिट्टी और प्रदूषण के कॉन्टेक्ट में आने से वो डल होने लगती है। इसलिए आपको अपनी स्किन केयर पर भी पूरा ध्यान देना होगा। अपनी स्किन केयर अभी से शुरू कर दें और इसके लिए यहां दिए जा रहे स्टेप्स फॉलो करें।

**बेसिक स्किन केयर:** इन दिनों मौसम बदल रहा है। इस वजह से स्किन ड्रायनेस की समस्या भी नजर आने लगी है। ऐसे में मॉयश्चर बनाए रखना सबसे जरूरी है। इसके लिए क्लींजर से स्किन की हल्के तरीके से मालिश करें। इससे स्किन साफ होगी। इसके बाद स्किन पर रूई से गुलाब जल लगाएं। हां, अगर आपकी स्किन ऑयली है तो आप घर में ही अपने लिए नरिशंग सीरम तैयार कर सकती हैं। इसके लिए आप 1 चम्मच ग्लिसरीन में 100 मिलीलीटर गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को फ्रिज में कुछ घंटों के लिए एयरटाइट जार में रख दें। दूध या फेसवॉश से चेहरा साफ करने के बाद इस सीरम को इस्तेमाल करें। इससे स्किन पर ऑयल का इफेक्ट कम नजर आएगा।



**स्किन ब्राइटनिंग:** अगर आप चाहती हैं कि आपकी स्किन पर एक्स्ट्रा ग्लो नजर आए तो रोजाना चेहरे पर दस मिनट तक शहद लगाएं। इसके बाद इसे साफ पानी से धो लें। इसके अलावा आप एलोवेरा जैल का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इससे स्किन पर नमी और फ्रेशनेस नजर आएगी। वहीं अगर आपकी स्किन काफी बेजान नजर आ रही है तो आप गाजर पेस्ट को पंद्रह-बीस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं।

**फेस पैक:** स्किन केयर में फेस पैक का भी इंपॉर्टेंट रोल होता है। आप अगर स्किन को फ्लॉलेस बनाना चाहती हैं तो घर के बने फेस पैक को अप्लाई कर सकती हैं। इस फेस पैक को बनाने के लिए आप आधा चम्मच शहद में एक चम्मच गुलाब जल, एक चम्मच सूखे दूध का पावडर मिलाएं। इन सभी का पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं। इस पैक को बीस मिनट बाद ताजे पानी से धो लें। यह पैक ड्राय और नॉर्मल स्किन के लिए अच्छा है। अगर आपकी स्किन काफी ड्राय हो रही है तो आप शहद और एग व्हाइट को मिक्स कर फेस पर बीस मिनट लगे रहने दें। इससे ड्रायनेस की समस्या दूर होगी।

**हैंड स्किन केयर:** कंप्लीट फेस्टिव लुक के लिए सिर्फ चेहरा ही नहीं, आपके नाखूनों और हाथों की खूबसूरती भी जरूरी है। नाखूनों के लिए आप बादाम का तेल और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर नाखूनों और क्यूटिकल की मसाज करें। इसे पंद्रह मिनट तक लगे रहने दें। इसके बाद गीले तौलिए से धो लें। वहीं हाथों की खूबसूरती को बनाए रखने के लिए तीन चम्मच गुलाब जल में एक चम्मच ग्लिसरीन और नीबू का रस मिलाकर लगा लें। कुछ देर लगाए रखने के बाद साफ पानी से धो लें।

इन दिनों रूटीन काम के अलावा त्योहार के मौके पर घर की साफ-सफाई करने की वजह से आपको थकान और बॉडी पेन की समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ आसान एक्सरसाइज को आजमा सकती हैं।


# करें ईजी एक्सरसाइज दूर होगी थकान-दर्द


जागरूक जनता
jagrukjanta.net

इन दिनों त्योहारों का मौसम चल रहा है। इस दौरान एक्सट्रा काम की वजह से अकसर ही महिलाओं को कमर दर्द और शरीर में ऐंठन की शिकायत होने लगती है। इससे बहुत बार उनको रूटीन काम करने में परेशानी होने लगती और सेहत पर भी बुरा असर पड़ता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आप कुछ एक्सरसाइज और स्ट्रेचिंग कर सकती हैं। इससे ना केवल आपकी फिजिकल थकान दूर होगी बल्कि मेंटली भी आप रिलैक्स महसूस करेंगी।

**गहरी सांस लेने का अभ्यास:** यह एक्सरसाइज तनाव और थकान को दूर करने का सबसे सरल और सहज तरीका है। आप धीरे-धीरे गहरी सांस लें और धीरे-धीरे छोड़ें। इसे आप रोजाना पांच से दस मिनट तक करें। इससे आपको शारीरिक और मानसिक आराम मिलेगा। आपका स्ट्रेस लेवल भी कम होता जाएगा।

**नेक-शोल्डर स्ट्रेचिंग:** लंबे समय तक काम करने के बाद गर्दन और कंधों में ऐंठन आने लगती है। इसे दूर करने के लिए गर्दन को धीरे-धीरे दाएं, बाएं और पीछे की ओर मोड़ें। इसके साथ ही अपने कंधों को गोलाकार दिशा में घुमाएं। इससे आपकी मसल्स की थकान कम होगी। आप स्वयं को रिफ्रेश महसूस करेंगी।





**शवासन:** यह एक सरल आसन है, जो शारीरिक और मानसिक शांति प्रदान करता है। अगर आपको बहुत ज्यादा थकान महसूस हो रही है तो मैट पर पीठ के बल लेट जाएं। अपने शरीर को पूरी तरह ढीला छोड़ दें। गहरी सांस लें और अपने पूरे शरीर को आराम देने की कोशिश करें। यह मांसपेशियों की थकान को कम करने में मदद करता है।

**हाथ-पैरों की स्ट्रेचिंग:** अगर आप लंबे समय तक खड़े रहकर काम करती हैं तो पैरों और जांघों में दर्द होने लगता है। इसके लिए स्ट्रेचिंग करना सबसे फायदेमंद होगा। इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले अपने पैरों को आगे फैलाकर बैठें और हाथों से पैर की अंगुलियों को छूने की कोशिश करें। आप देखेंगी कि आपका मसल्स पेन कुछ ही देर में छूमंतर हो जाएगा।

**पीठ-कमर के लिए स्ट्रेचिंग:** जब आप घर में डीप क्लीनिंग करती हैं तो बार-बार झुकने और उठने की वजह से पीठ और कमर में दर्द होने लगता है। इस दर्द को दूर करने के लिए कैट काउ पोज करें। इससे पीठ की मांसपेशियों को आराम मिलेगा। इसके अलावा अपने कमर को हल्का सा बाएं और दाएं घुमाकर स्ट्रेचिंग भी कर सकती हैं।

**हाथों की एक्सरसाइज:** बहुत बार ज्यादा काम करने की वजह से महिलाओं को कलाई समेत पूरे हाथों में दर्द की समस्या होने लगती है। अगर इन दिनों आप भी इस तरह की समस्या का सामना कर रही हैं तो अपने हाथों और कलाई को गोलाकार घुमाकर कुछ मिनट सुबह-शाम स्ट्रेचिंग करें।

इन सभी एक्सरसाइज को यदि आप दिन में दस-पंद्रह मिनट तक नियमित रूप से करेंगी तो त्योहार के कामकाज की थकान को कम कर सकती हैं। इससे आपके शरीर को ताजगी के साथ-साथ ऊर्जा भी मिलेगी।

**(धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशियलिटी हास्पिटल, दिल्ली की फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. वंदना राय से बातचीत पर आधारित)**



## जागरूक खबरें

### फिट इंडिया फीडम रन के तहत एकता दौड़ आयोजित

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में फिट इण्डिया फीडम रन 5.0 अभियान के तहत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की थीम पर सोमवार को एकता दौड़ का आयोजन किया गया। यह एकता दौड़ जिला कलक्टर कार्यालय परिसर से प्रारंभ होकर सुभाष चौक तक आयोजित की गई। एकता दौड़ को जिला कलक्टर आलोक रंजन सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ के पश्चात सभी को फिट इंडिया की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर अति कलक्टर विनोद कुमार मल्होत्रा, रामचंद्र खटीक, प्रधान देवेंद्र कंवर, बद्रीलाल जाट, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी विशाल सीपा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद दशोरा, प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।

### वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन तकनीकी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें जनजाति क्षेत्र बड़ीसादड़ी पंचायत समिति के आफरो का तालाब एवं सबलपुरा आदि गांवो से 65 कृषक एवं कृषक महिलाओ ने भाग लिया। प्रशिक्षण में डॉ. रतनलाल सोलंकी ने केन्द्र की विभिन्न गतिविधियो एवं जैविक खेती के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डाला, साथ ही जैविक खेती में उपयोग की जाने वाली जैविक कार्बनिक खादों जैसे कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, वर्मी वॉश, डी कम्पोजर, बीजामृत, एवं पंचगव्य आदि के उपयोग पर चर्चा की। दीपा इन्दौरिया ने कृषक एवं कृषक महिलाओ को जैविक खाद खेती की उपयोगिता एवं महत्व के बारे में विस्तार से बताया, साथ ही इस खाद को तैयार कर इससे विक्रय कर अपनी आजिविका बढ़ा सकते है। संजय कुमार धाकड ने किसानो को रबी फसलो की उन्नत उत्पादन तकनीकी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अन्त में शंकर लाल नाई ने केवीके फार्म एवं नर्सरी का भ्रमण कराकर तकनीकी जानकारी दी।

### 2030 तक 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की राजस्थान की महत्वाकांक्षा को बल मिलेगा

# वेदांता करेगा राजस्थान में 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश

जागरूक जनता jagrukjanta.net

लंदन। वेदांता ने यू.के. में आयोजित राइजिंग राजस्थान रोड शो में भाग लिया, जिसका नेतृत्व राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा किया गया। अनिल अग्रवाल चेयरमैन वेदांता समूह द्वारा राजस्थान में जिंक, ऑयल एण्ड गैस तथा रिन्यूएबल एनर्जी में पूर्व में किये गये 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश समझोतो पर चर्चा की। । इससे 2 लाख से अधिक रोजगार सृजन करने में सहायता मिलने के साथ ही कई क्षेत्रों में 500 से अधिक डाउनस्ट्रीम उद्योगों तथा आयात प्रतिस्थापन में सहायता मिलेगी।

वेदांता हिंदुस्तान जिंक, जिंक की क्षमता को 1.2 एमटीपीए से बढ़ाकर 2 एमटीपीए करने, चांदी को 800 टन से बढ़ाकर 2,हजार टन करने तथा 1 एमटीपीए उर्वरक संयंत्र स्थापित करने के लिए 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वेदांता ने उदयपुर क्षेत्र के आसपास गैर-लाभकारी आधार पर लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए 5 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से एक औद्योगिक पार्क स्थापित करने की भी घोषणा की। इससे डाउनस्ट्रीम उद्योगों के लिए विशाल औद्योगिक परिसरों का निर्माण होगा, क्योंकि जिंक और चांदी



के सैकड़ों अनुप्रयोग हैं, जिनका उपयोग ऑटो, बिजली, बुनियादी ढांचे, रेलवे और अन्य क्षेत्रों में किया जाता है। केयर्न ऑयल एंड गैस 35 हजार करोड़ रुपये का निवेश कर क्षमता को बढ़ाकर 3 लाख बैरल प्रतिदिन करेगी। सेरेंटिका रिन्यूएबल्स 10 हजार मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता विकसित करने के लिए 50 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी, ताकि उपरोक्त निवेशों का सहयोग कर ऊर्जा परिवर्तन में सहायता से उच्चतम पर्यावरणीय मानकों और हरित विनिर्माण को सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान गोवर्धन विकास के संबंध में भी चर्चा की गई तथा कृष्ण भूमि विकास पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई, जिसमें वेदांता समूह की सहायता से महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों जैसे 'पूंछरी का लौठा' तथा तीर्थस्थल की अन्य संबद्ध संरचनाओं को विकसित करने के बारे में चर्चा शामिल है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि, "राजस्थान की नई डबल इंजन सरकार माननीय प्रधानमंत्री जी के 2047 तक विकसित भारत के विजन के प्रति प्रतिबद्ध है। मैं दुनिया के कई देशो को राजस्थान में आकर निवेश करने और समृद्ध भविष्य के निर्माण में हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। उन्होंने कहा कि मैं राज्य में निवेश करने वाले प्रत्येक उद्यमी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सरकार हर कदम पर उनके साथ खड़ी है।

"दिसंबर 2024 में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम से पहले, हमने वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल के साथ विस्तृत एवं उपयोगी चर्चा की है, जो हमारी व्यापार-अनुकूल नीतियों से प्रभावित हैं। उन्होंने राजस्थान में अपने निवेश को दोगुना करने और 1 लाख करोड़ रुपये का निवेश कर राज्य के व्यापार प्रस्ताव को और मजबूत करने के लिए हमारी सरकार से हाथ मिलाया है। हमारी चर्चा राज्य में समूह की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने पर केंद्रित थी, जिसमें हिंदुस्तान जिंक, केयर्न ऑयल एंड गैस और सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के लिए क्षमता विस्तार शामिल है, जो राज्य के लोगों के लिए अधिक रोजगार सृजित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं इस अवसर पर इस नए निवेश के लिए अग्रवाल को धन्यवाद देता हूं और यह सुनिश्चित करता हूं कि राज्य सरकार इन परियोजनाओं के विकास के लिए पूरा सहयोग प्रदान करेगी।

वेदांता लिमिटेड के चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने कहा कि, राजस्थान उन कुछ राज्यों में से एक है, जहां हाइड्रोकार्बन और ज़िंक, लेड, चांदी, सोना, तांबा, पोटाश, रॉक फॉस्फेट, संगमरमर, विभिन्न प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले पत्थर और अन्य महत्वपूर्ण खनिजों की बड़ी उपलब्धता है।

## तस्वीरें झूठ नहीं बोलती





### ऐसे जीएलआर में कैसे पहुंचेगा पानी

» जागरूक जनता @ रावतसर। ये तस्वीर ग्राम पंचायत मगने की ढाणी के खोथो का नाडिया जीएलआर की है। इस तस्वीर को देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं कि इस जीएलआर की अधिकारियों द्वारा सुध लिए हुए कितना समय हो चुका है। सिस्टम की लापरवाही व जनप्रतिनिधियों द्वारा रूचि नहीं लेने से ये हालात हुए हैं। इस क्षेत्र के ग्रामीणों को दो हजार रुपए देकर महंगा पानी डलवाना पड़ रहा है। *फोटो -डालू जाखड़ रावतसर*

## खेड़ में दीपोत्सवः धनतेरस पर प्रज्वलित होंगे एक लाख दीप



» जागरूक जनता @ बालोतरा। इस वर्ष 29 अक्टूबर को धनतेरस के अवसर पर खेड़ स्थित प्राचीन सनातन तीर्थ स्थल पर एक लाख दीप जलाए जाएंगे। बाड़मेर और बालोतरा जिलों के श्रद्धालु इस भव्य दीपोत्सव का हिस्सा बनने के लिए जुटेंगे। तीसरे वर्ष आयोजित हो रहे इस विशेष दीपोत्सव की तैयारियों में महोत्सव समिति के सदस्य पिछले एक महीने से लगे हुए हैं। श्री रणछोड़ राय भगवान मंदिर में होने वाले इस आयोजन को लेकर सभी तैयारियां तेजी से चल रही हैं। मीडिया प्रभारी दौलत आर. प्रजापत ने बताया कि इस आयोजन के लिए मंदिर परिसर और आसपास की भूमि की सफाई का कार्य जारी है। दीपों का प्रज्वलन विभिन्न ब्लॉकों और तीर्थ परिसर में मुख्य द्वार तथा मंदिर प्रांगण में एक साथ किया जाएगा। दीपोत्सव के दौरान भक्ति गीतों और झांकियों का विशेष आयोजन भी होगा। देवी-देवताओं की विभिन्न कला आकृतियों के माध्यम से दीप जलाने की परंपरा निभाई जाएगी। मुख्य मंदिर में रंगोली की खूबसूरत सजावट भी की जाएगी। यह भव्य दीपोत्सव श्रद्धालुओं के लिए एक अद्भुत अनुभव प्रदान करेगा, जिसमें उत्साह और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिलेगा।

## नवनिर्मित ग्राम पंचायत भवन रामजी का गोल का मंत्री केके विश्नोई ने किया उद्घाटन



» जागरूक जनता @ गुड़ामालानी। रामजी का गोल ग्राम पंचायत का उद्घाटन गुड़ामालानी विधायक व राज्य मंत्री के के बिश्नोई ने किया उद्घाटन। समारोह में रामजी का गोल ग्राम पंचायत के सरपंच पारसी देवी बिश्नोई, प्रधान बिजला राम, उप प्रधान गोमी देवी समाज सेवी खेताराम सियोल पूर्व प्रधान राणा कुलदीप सिंह, मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मांजू, पूर्व सरपंच खुमाराम बैरड़, संग्रामियों के बेरी सरपंच शिवनारायण सियाग, सरपंच हरीराम जाझड़ा, पुखराज जैन, ग्राम पंचायत के वार्ड पंच, सरपंच टिकमाराम सहित समस्त ग्रामीण व क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### एडीएम वारसिंह का सम्मान



» जागरूक जनता @ उदयपुर। नारायण सेवा संस्थान की ओर से सोमवार को नवनियुक्त अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) वार सिंह का स्वागत -सम्मान किया गया। संस्थान के मीडिया प्रभारी विष्णु शर्मा हितैषी, जनसम्पर्क अधिकारी भगवान प्रसाद गौड़ व सहायक बंशीलाल मेघवाल ने उन्हें संस्थान दिव्यांगों के हितार्थ निःशुल्क सेवा प्रकल्पों की जानकारी देते हुए संस्थावलोकन का निमंत्रण दिया।

### आनन्द ने की नेट परीक्षा उत्तीर्ण



» जागरूक जनता @ चित्रकूट। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में रूरल डेवलपमेंट एवं बिजनेस मैनेजमेंट संकाय के सहायक प्राध्यापक आनंद गुप्ता पिता राजेंद्र कुमार गुप्ता ने नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (नेट) मैनेजमेंट विषय में पात्रता जून 2024 की परीक्षा उत्तीर्ण की उनके उपलब्धि पर डॉ अमरजीत सिंह, डॉ चंद्र प्रकाश गुर्जर, डॉ संतोष कुमार अरसिया, डॉ विजय सिंह परिहार, डॉ विभास चंद्र, डॉ उमेश शुक्ला आदि ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## भीलवाड़ा की भावना शर्मा के नेट-जेआरएफ में 99.99%

जागरूक जनता jagrukjanta.net

भीलवाड़ा। भीलवाड़ा की निवासी भावना शर्मा ने इंग्लिश लिटरेचर के लिए आयोजित जून 2024 के नेट परीक्षा में कड़ी मेहनत और समर्पण से 99.99 पर्सेंटाइल प्राप्त कर चौथी रैंक हासिल की है। यह सफलता उनकी मेहनत और दृढ़ निश्चय का प्रमाण है, जिससे उनका परिवार बेहद गर्वित और वह स्वयं बेहद उत्साहित हैं।



भावना इंग्लिश लिटरेचर की छात्रा हैं और एक आदर्श शिक्षक बनने की प्रेरणा रखती हैं। उन्होंने इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह साबित किया कि सतत प्रयास और आत्मविश्वास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। आने वाले समय में वह असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की तैयारी करेंगी, और शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतर योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भावना के पिता भेरूलाल शर्मा एक व्यापारी हैं, जबकि उनकी माता सुनीता शर्मा एक गृहिणी और इंटरप्रेन्योर हैं। वर्तमान में भावना एक प्रतिष्ठित संस्थान टील्स एजुकेशन में स्टूडेंट रिलेशनशिप मैनेजर व टीचर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय अपने परिवार, शिक्षकों और निरंतर परिश्रम को दिया है।

# पुलिस शहीद दिवस पर शहीदों को किया याद

जागरूक जनता jagrukjanta.net



चित्तौड़गढ़। राष्ट्र के लिए कर्तव्य पर शहीद होने वाले पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए पुलिस लाइन में पुलिस शहीद दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधिकारियों व जवानों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने इस वर्ष शहीद हुए पुलिसकर्मियों के बारे में जानकारी दी। शहीदों को हथियार व शीश झुका कर शोक सलामी दी गई। उनके सम्मान में दो राउंड फायरिंग भी की गई। पुलिस लाईन, थानों व कार्यालयों के पुलिसकर्मी रक्तवीरों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया। पुलिस लाइन में आयोजित शहीद दिवस समारोह में एसपी सुधीर जोशी ने देश के सभी प्रान्तों, केन्द्र शासित प्रदेशों व अर्द्ध सैन्य बलों के 1 सितम्बर 2023 से 31 अगस्त 2024 तक के विभिन्न संवर्ग के राजस्थान के 20 शहीद सहित सभी 216 शहीद अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पदनाम व उनके नाम का वाचन कर उन्हें सम्मान दिया। अपने कर्तव्य के प्रदर्शन में पुलिसकर्मियों द्वारा किए गए बलिदान की गवाही के रूप में पुलिस लाईन ग्राउंड में राईफल और टोप से बने स्मारक पर एसपी ने पुष्प चक्र अर्पित कर वर्ष में शहीद हुए पुलिस कर्मियों को श्रद्धांजलि दी। संचित निरीक्षक अनिल पांडे के नेतृत्व में बनी एमबीसी व पुलिस की सम्मान गार्ड द्वारा शस्त्रों को उलट शोक शस्त्र कर दिवंगत आत्माओं के सम्मान में दो मिनट का मौन रखा गया। पुलिस बैंड कर्मियों ने लास्ट पोस्ट धुन बजाई। शहीदों के सम्मान में परेड में शामिल पुलिस कर्मियों द्वारा राईफल से दो-दो राउंड फायरिंग की गई। कार्यक्रम में मौजूद सभी पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों व सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र एवं पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी शहीद हुए पुलिस कर्मियों को सलामी दी गई। समारोह में एसपी जोशी, अति पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह सहित सभी पुलिस अधिकारियों ने शहीदों की स्मृति में पौधारोपण किया। जिले के विभिन्न थानों, पुलिसलाईन व कार्यालयों के पुलिस कर्मियों ने शहीद दिवस पर स्वेच्छिक रक्तदान किया। इस अवसर पर अति पुलिस अधीक्षक मुकेश सांखला, उपाधीक्षक विनय चौधरी, सदर थानाधिकारी गजेंद्र सिंह, धर्मराज, मधु कंवर, जोधाराम गुर्जर, सुनीता गुर्जर, भंवरलाल दशोरा व पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### महात्मा ज्योतिबा फुले संस्कार केंद्र का शुभारंभ

» जागरूक जनता @ चित्तौड़गढ़। विद्या निकेतन प्राथमिक विद्यालय शहर के मार्गदर्शन और भंवर लाल साहू के आर्थिक सौजन्य से दिल्ली दरवाजा सेवा बस्ती क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले संस्कार केंद्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह एवं जिला संस्कार केंद्र प्रमुख दिनेश चंद्र भट्ट ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने संपूर्ण जीवन में महिलाओं, पिछड़े व अछूतों के उत्थान के लिए अनेक कार्य किए। वे समाज के सभी वर्गों को शिक्षा प्रदान करने के प्रबल समर्थक थे, कन्याओं के लिए देश में पहली पाठशाला व अपनी पत्नी सावित्री फुले को पहली अध्यापिका बनाया।

### दीपावली पर माधव विवि में होगा भव्य उत्सव, विशेष कार्यक्रम और आतिशबाजी की तैयारी

» जागरूक जनता @ आबूरोड। दीपावली का पर्व माधव विश्वविद्यालय में इस बार खास धूमधाम से मनाया जाएगा। 28 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस महोत्सव के तहत विश्वविद्यालय परिसर में पूजा-अर्चना, सांस्कृतिक कार्यक्रम और विशेष आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रशासन ने इस आयोजन को लेकर विशेष तैयारियों की शुरुआत कर दी है। माधव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत ने बताया कि दीपावली के इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल त्योहार की धार्मिक महत्ता को बढ़ावा देना है, बल्कि विश्वविद्यालय के छात्रों और स्टाफ के बीच सामूहिकता और संस्कृति को भी प्रोत्साहित करना है।


## घर मंगवाये जागरूक जनता हमें कहें.....

सदस्यता फार्म दिनांक ....................

जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ..........

पता : ..........

फोन .......... पिन कोड

राशि (रुपए) .......... बैंक का नाम ..........

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..........रसीद क्रं. ..........

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता विश्वसनीय हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718


### 35 हजार महिलाओं को दे रही है रोजगार, गरीब विधार्थियों के लिए छात्रवृत्ति योजना

# रेत के धोरों से निकली , विश्वस्तर पर छाई डॉ. रूमा

**बाड़मेर की डॉ रूमा देवी किसी परिचय की मोहताज नहीं**

**चवा में बना रही है विश्वस्तरीय स्टेडियम खेल काम्प्लेक्स**

**समाजसेवा, पर्यावरण सहित प्रत्येक क्षेत्र में कर रही है सेवा**

जागरूक जनता jagrukjanta.net

बाड़मेर @ डालू जाखड़। मन में कुछ करने का जज्बा हो तो कुछ भी असंभव नहीं है,बस जरूरत करने हैं काम और कार्य को पहचानने की, सही दिशा और मार्गदर्शन की। कुछ ऐसा ही कर दिखाया है बाड़मेर जिले की रावतसर निवासी डॉ रूमा देवी ने। अपने हुनर और हिम्मत के बलबूते पर आज पूरे विश्व में अपने स्वयं, परिवार, गांव और जिले का नाम का परचम लहरा रही है।

डॉ रूमा का जन्म बाड़मेर के रावतसर कस्बे में हुआ। लेकिन, चार वर्ष की उम्र में ही मां का साया सर से उठ गया। इसके बाद आठवीं तक पढ़ाई करने के बाद उसे स्कूल से अलग कर दिया और चूल्हा चौका संभाला। परिजनों ने 17 वर्ष की उम्र में ही शादी भी करा दी। तब लगा कि शायद पीहर के संघर्षमय समय के बाद ससुराल में हालात सही होंगे। लेकिन, ससुराल की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। क्योंकि उस समय ससूराल में भी किसी के पास स्थाई रोजगार नहीं था और न ही शिक्षा। शादी के डेढ़ साल बाद बच्चे को जन्म दिया। लेकिन, उसे सांस की बीमारी होने के कारण अस्पताल की जरुरत थी। लेकिन, तंगी के कारण उसे अस्पताल नहीं ले जा सके। जिससे उसकी जान नहीं बचा पाए। ऐसे में उस समय लगा कि ऐसी जिंदगी से हार मानने के बजाय अच्छा काम करें। लेकिन, कम शिक्षित होने के कारण क्या करें। ऐसे में लगा कि कोई भी महिला बाहर या पीहर जाती है तो बैग जरुर लेकर



जाती है। ऐसे में बैग बनाना शुरु किया। लेकिन, मशीन की व्यवस्था नहीं थी। फिर भी जैसे तैसे काम शुरु किया। हालांकि यह समस्या अन्य महिलाओं की भी थी। इसके बाद 2008 में दस महिलाओं के साथ ग्रुप बनाकर सौ-सौ रुपए जमा कर एक पुरानी सिलाई मशीन खरीदी एवं स्थानीय व्यापारियों के लिए हस्तशिल्प के बैग्स, कुशन कवर बनाना शुरू किया। इसके बाद जिले की एक गैर सरकारी संगठन ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान से जुड़ कर कार्य करने लगी। इसके बाद तैयार उत्पादों की बिक्री के लिए सीधे देश के विभिन्न मेट्रो शहरों में आयोजित होने वाली प्रदर्शनियों में भेजना शुरू किया। इसके बाद हौंसले बुलंद होने लगे। फिर ग्रामीण विकास एवं चेतना संस्थान के अध्यक्ष के रूप में 2010 में बाड़मेर के गांव, ढाणी में अपने सेंटर स्थापित करना शुरु किया।

### राष्ट्रपति ने दिया नारी शक्ति अवार्ड

वर्ष 2015 में राजस्थान हेरिटेज वीक में रूमा देवी का फैशन शो हुआ। जहां पर उनके द्वारा बनाए कपड़ों को पहनकर मॉडल्स ने रैम्प वॉक किया। साल 2018 में रूमा देवी को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों नारी शक्ति अवार्ड से भी सम्मानित किया गया। केबीसी में भी रूमा देवी ने पहुंच बनाई है। रूमा देवी को हावर्ड यूनिवर्सिटी ने लेक्चर के लिए आमंत्रित किया था।

### 35 हजार महिलाओं को रोजगार

संघर्ष मय जीवन के बाद वर्तमान में डॉ रूमा देवी ग्रामीण विकास चेतना संस्थान की अध्यक्ष रहते हुए करीब 35 हजार से अधिक ग्रामीण महिलाओं को रोजगार और प्रशिक्षण दे रही है। रूमा देवी आज एक फैशन डिजाइनर हैं। जिनकी डिजाइन किए कपड़े विदेशों में जाते है।

### गोदारा का मिल रहा है सहयोग

**ग्रामीण** विकास एवं चेतना संस्थान के सचिव विक्रमसिंह भी संस्थान के प्रत्येक कार्य और विभिन्न गतिविधियों में हर समय अग्रणी रहते हैं। और समय-समय पर संस्थान सदस्यों और रूमा देवी फाउंडेशन का मार्गदर्शन करते रहते हैं।

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने की आरसीडीएफ की सराहना– गोबरधन योजना में कार्बन क्रेडिट की पहली किश्त की जारी

# गोबर उठाने वाली महिलाओं को कार्बन क्रेडिट से अतिरिक्त आय

जागरूक जनता jagrukjanta.net




**जयपुर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गोबरधन योजना के अन्तर्गत आ रहे क्रान्तिकारी बदलाव को रेखांकित करते हुए राजस्थान में डेयरी विकास कार्यकम की सराहना की है। उन्होंने भीलवाड़ा मे लागू की जा रही गोबरधन योजना के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोबर उठाने वाली महिलाऐं अब कार्बन क्रेडिट जमा कर अतिरिक्त आय पैदा कर रही हैं और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि देश में कार्बन क्रेडिट के मुद्रीकरण के लिये डेयरी क्षेत्र में प्रथम बार की गई इस प्रकार की पहल दुग्ध उत्पादकों के लिये अतिरिक्त आय सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि गोबरधन योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादको को चूल्हे के लिये गैस, खेत के लिये खाद और कार्बन क्रेडिट के रूप में अतिरिक्त आय मिल रही है।

अमित शाह ने मंगलवार को गुजरात के आणंद में एनडीडीबी के टीके पटेल सभागार में एनडीडीबी के हीरक जयन्ती वर्ष और त्रिभुवन दास पटेल की जयन्ती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यह सम्बोधन दिया। इस अवसर पर उन्होंने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज और भीलवाड़ा की दुग्ध उत्पादक लाभार्थी माया देवी कुमावत को कार्बन क्रेडिट का चैक भेंट किया। आरसीडीएफ की एमडी भारद्वाज ने इस अवसर पर राजस्थान राज्य के लाखों दुग्ध उत्पादकों की ओर से शाह को जन्मदिन की बधाई दी और उनकी अच्छी सेहत की कामना भी की। इस अवसर पर केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, केन्द्रीय पशुपालन राज्यमंत्री डॉ एसपी सिंह बघेल, गुजरात के पशुपालन एवं गोपालन मंत्री राघव जी भाई पटेल, सहकारिता राज्यमंत्री जगदीश विश्वकर्मा, केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी सचिव अलका उपाध्याय और एनडीडीबी के चैयरमेन डॉ मीनेश शाह भी उपस्थित थे।

फैडरेशन की प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि एनडीडीबी के सहयोग से भीलवाड़ा दुग्ध में पशुपालकों की आमदनी बढ़ाने के उद्देश्य से छोटी क्षमता के बॉयोगेस संयंत्र लगवाये गये है। इन बायोगैस संयंत्रों के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों की रसोई गैस की जरुरत के साथ-साथ खेतों के लिये उच्च गुणवत्ता का जैविक खाद भी उपलब्ध हो जाता है। अब इससे एक कदम और आगे बढ़कर बायोगैस प्लान्टों के माध्यम से मिथेन उत्सर्जन द्वारा कार्बन क्रेडिट्स अर्जित किये जा सकते हैं जिसकी अन्तर्राष्टीय बाजार में अच्छी कीमत मिलती है।

## दिव्यांगजन शिविर उपखण्ड स्तरीय पर आज

» **जागरूक जनता @ गुड़ामालानी।** नवो बाड़मेर " समन्वित प्रयास सशक्त समाज" अभियान के तहत जिले के दिव्यांगजनों का चिह्नीकरण दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी करने तथा सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए गुड़ामलानी उपखण्ड स्तर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपखण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन पंचायत समिति परिसर में होगा। गुड़ामालानी उपखण्ड अधिकारी केशव मीना ने बताया कि शिविर में पंचायत समिति गुड़ामालानी एवं आडेल के ऐसे व्यक्ति जो दिव्यांगता, आंखों की कमजोरी मानसिक विकार मूकबधिर सहित किसी भी प्रकार की दिव्यांगता से ग्रसित है, वेजांच करवा सकते हैं। उक्त शिविर में मेडिकल कॉलेज एवं जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों का दल सभी प्रकार की दिव्यांगता की जांच करने के लिए उपस्थित रहेगा।

### सांसद बेनीवाल ने जैसलमेर-बाड़मेर-भाभर रेलवे लाइन प्रोजेक्ट का बजट आवंटित कर स्वीकृति की रखी मांग

## रेलों के संचालन और आबादी क्षेत्र के समीप अंडर ब्रिजों का हो निर्माण

» **जागरूक जनता @ बाड़मेर।** बाड़मेर जैसलमेर बालोतरा सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने मंगलवार को दिल्ली संसद भवन में रेलवे संबंधी स्थायी समिति की बैठक में भाग लिया, हाल ही में सांसद बेनीवाल को रेलवे संबंधी स्थायी समिति के गठन में सदस्य नियुक्त किया गया था। जिसके बाद सांसद बेनीवाल ने बैठक में शामिल होकर उत्तर पश्चिम रेलवे के महत्वपूर्ण जैसलमेर-बाड़मेर- भाभर रेलवे प्रोजेक्ट का बजट आवंटित कर स्वीकृति प्रदान करने की मांग रखी, इसके साथ ही आमजन के रेल्वे लाइन क्रॉसिंग आवागमन के लिए अंडर पास ब्रिज की स्वीकृति की मांग रखी एवं अपने संसदीय क्षेत्र के बाड़मेर व जैसलमेर स्टेशन से पूर्व में संचालित व हाल ही में बंद की गई ट्रेनों को पुनः शुरू करने और नई ट्रेनें संचालित करवाने सहित विभिन्न रेल संबंधी समस्याओं और मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

सांसद बेनीवाल ने बाड़मेर संसदीय क्षेत्र की मुख्य 30 साल से लंबित मांग जैसलमेर-बाड़मेर-भाभर (गुजरात) रेलवे लाइन प्रोजेक्ट के लिए बजट सत्र 2016-17 में 5 हजार करोड़ की घोषणा की गई लेकिन तीन बार सर्वे और फिजीबिलिटी की रिपोर्ट तैयार करने के बावजूद भी बजट की स्वीकृति नहीं मिल पाई, लेकिन रेलवे लाईन और भौगोलिक स्थितियों से परिपूर्ण सहित क्षेत्र में अन्य बड़े व महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी लगे हुए हैं और भौगोलिक दृष्टि से भी क्षेत्र बड़ा है देश की सुरक्षा की दृष्टि से यहां अंतर्राष्ट्रीय बॉर्डर से सटा इलाका होने के कारण यह रेलवे लाइन अति महत्वपूर्ण होगी। जिसमें रिफाइनरी, पर्यटन और धार्मिक स्थलों, क्रूड ऑयल, कोयला खनन, लिग्नाइट, गैस खनन और सीमावर्ती जैसलमेर बाड़मेर सांचौर तीन जिलों को जोड़ने वाली इस रेल लाइन से जुड़ने वाले क्षेत्र के लोगों की लाइफ लाईन साबित होगी और वहीं विश्व स्तरीय रामदेवरा, किराडू, तनोट, नाकोड़ा मंदिर सहित अन्य धार्मिक व पर्यटक स्थलों के लिये यह रेलवे लाइन वरदान साबित होगी।



# क्लाइमेट चेंज की चुनौतियों से मुकाबले के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी-नागर

जागरूक जनता jagrukjanta.net

**जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर वर्ष-2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन (नेट जीरो) के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी का परिणाम है कि हमारे देश की स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता 200 गीगावाट से अधिक हो गई है और राजस्थान 29.85 गीगावाट स्थापित क्षमता के साथ इसमें सर्वाधिक योगदान दे रहा है।

नागर मंगलवार को जयपुर के होटल हयात में साउथ एशियन क्लीन एनर्जी फोरम के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्कॉटलैंड में वर्ष-2021 में आयोजित यूनाइटेड नेशंस क्लाइमेट चेंज सम्मेलन में जलवायु परिवर्तन तथा कार्बन उत्सर्जन की समस्या से निपटने के लिए पांच सूत्री पंचामृत एजेंडा प्रस्तुत किया था। इसके माध्यम से उन्होंने साल 2030 तक भारत की ऊर्जा जरूरतों का 50 प्रतिशत हिस्सा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से पूरा करने तथा कुल अनुमानित कार्बन उत्सर्जन को एक अरब टन कम करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

नागर ने कहा कि क्लाइमेट चेंज से उत्पन्न चुनौतियों का मजबूती से मुकाबला करने तथा अक्षय ऊर्जा तक आमजन की पहुंच सुनिश्चित करने के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं और राजस्थान इस दिशा में उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि साउथ एशिया क्लीन एनर्जी फोरम के माध्यम से नीति निर्माता, स्टेक होल्डर्स, डवलपमेंट पार्टनर्स तथा विशेषज्ञ एक ही मंच पर आकर ऊर्जा के क्षेत्र में भविष्य की नीतियों को आकार देंगे। गार्सेटी ने कहा कि अमेरिका तेजी से बढ़ते उप महाद्वीप के देशों में अक्षय ऊर्जा रूपान्तरण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह फोरम इसी दिशा में एक प्रभावी पहल है।

## चिकित्सा विभाग द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के अन्तर्गत औचक निरीक्षण कर लिये नमूने

» **जागरूक जनता @चित्तौड़गढ।** खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं राज्य सरकार की और से निरन्तर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके इसके तहत मंगलवार को रावतभाटा में जांच एवं निरीक्षण दल ने की कार्यवाही। जिला कलक्टर के निर्देशन व अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ताराचन्द गुप्ता के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी घनश्याम शर्मा की टीम ने खाद्य पदार्थो के प्रभावी नमूनीकरण एवं निरीक्षण हेतु दीपावली तक विशेष अभियान के अन्तर्गत चलाये जा रहे निरन्तर शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत रावतभाटा में जय माँ खोडियाल डेयरी, महआलक्ष्मी सेल्स, श्री कृष्णा दूध डेयरी, महावीर दूध डेयरी, पारस किराना का निरीक्षण कर, देशी घी के 3 नमूने, सोयाबीन तैल एवं फीका मावा, बादाम के नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत नियमानुसार लेकर राज्य केन्द्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाल भिजवा दिये गये है। जॉच रिपोर्ट आने के बाद जॉच रिपोर्ट अनुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। साथ ही फर्म के मालिकों को साफ सफाई व खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के नियमों की पालना करने बाबत हिदायत दी गई एवं एफएसएसए एक्ट के तहत फूड लाईसेन्स डिस्पले करने हेतु पाबन्द किया। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कच्चरा पात्र नहीं होने से चार रास्ता पर गोवंश खा रही है प्लास्टिक



» **जागरूक जनता @ गुड़ामालानी।** क्षेत्र के रामजी का गोल चार रास्ता पर कच्चरा पात्र नहीं होने से जगह-जगह कूड़ा कचरा वह प्लास्टिक के ढेर लगा रहता हैं इस कूड़े कच्चरे वह प्लास्टिक को आवारा गोवंश खा लेते हैं इससे गोवंश की दर्दनाक मौत होती हैं और नहीं चार रास्ता पर शुलभ शौचालय हैं इसे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इस चार रास्ते पर हजारों वाहनों का आवागमन आए दिन होता है क्षेत्र वासियों का कहना है कि जल्द से जल्द कच्चरा पात्र व सुलभ शौचालय बनाए जाए ताकि यात्रियों व क्षेत्र वासियों को इससे राहत मिल सके ।

## 89 फर्मो पर एक साथ कार्रवाई, जयपुर में एक ही फर्म के 29 कांटे जब्त, 1.84 लाख जुर्माना वसूला

» **जागरूक जनता @ जयपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा दीपावली के त्योहार के मध्यनजर चलाये जा रहे कंज्यूमर केयर अभियान में दूसरे दिन में 89 फर्मो पर विधिक मापविज्ञान अधिनियम के अन्तर्गत कार्रवाई की गई। जिनमें में डिब्बा बंद वस्तुएं नियम के तहत 13 फर्मो पर तथा 56 फर्मो पर सत्यापन प्रमाण पत्र एवं सत्यापित बाट माप नहीं पाये गये। टीमों ने फर्मो के विरूद्ध मौके पर ही नोटिस जारी करने की कार्रवाई कर 1.84 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इस दौरान जयपुर में कौशल किशोर गुप्ता के पर्यवेक्षण में नेशनल स्टोर अनाज मंडी, मालपुरा गेट, सांगानेर पर कार्रवाई करते हुए 29 कांटे जब्त किए गए। प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार ने बताया कि कंज्यूमर केयर अभियान 30 अक्टूबर तक चलाया जायेगा। इस अभियान का उद्देश्य व्यापारियों को उपभोक्ताओं के व्यापक हित में सही माप तौल करने हेतु प्रेरित करने के साथ उपभोक्ताओं को मूल अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।

### एफसीबीए अवॉर्ड सेरेमनी 2024 लखनऊ में सम्पन्न

# अरबन बैंक 'आई.टी. हेड ऑफ द ईयर' अवार्ड से सम्मानित

जागरूक जनता jagrukjanta.net




**चित्तौडगढ।** चित्तौडगढ अरबन को ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, चितौड़गढ़ ने सहकारिता क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर बैंक को 'आई.टी. हेड ऑफ द ईयर' अवार्ड से होटल होली डे इन, लखनऊ में आयोजित एफसीबीए अवॉर्ड सेरेमनी 2024 में यह अवॉर्ड प्राप्त कर राजस्थान सहकारिता का नाम अखिल भारतीय स्तर पर गौरवान्वित किया गया। इस अधिवेषन में बैंक की ओर से प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी के नेतृत्व में तकनीकी अधिकारी राकेश दशोरा एवं अभिषेक टेलर ने सहभागिता निभाई एवं अवॉर्ड प्राप्त किया। प्रबन्धक प्रशासन जे.पी. जोशी ने बताया कि सहकारिता, आई.टी. एवं बैंकिंग को राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय सहकारिता अधिवेषन में आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर कार्यक्रम के विषेष सत्र में प्रबन्ध निदेषक वन्दना वजीरानी ने भविष्य में अरबन को-ऑपरेटिव बैंकिंग क्षेत्र में डिजीटलीकरण के बारे में विस्तार से विचार व्यक्त किए।

बैंकिंग फ्रन्टियर हर वर्ष देश के 1530 अरबन को-ऑपरेटिव बैंकों के अतिरिक्त केन्द्रीय एवं स्टेट सहकारी बैंकों के मध्य नोमीनेषन प्राप्त कर, उनकी प्रगति एवं कार्यो के आधार पर उन्हें सम्मानित करने हेतु फ्रन्टियर्स इन को-ऑपरेटिव बैंकिंग अवॉर्ड आयोजित करती है। बैंक अध्यक्ष डॉ. आई.एम. सेठिया, उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना, प्रबन्ध निदेशक वन्दना वजीरानी सहित संचालक मण्डल सदस्यों एवं स्टॉफगणों ने बैंक की इस प्रगति पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी ग्राहकों से ऐसे ही सहयोग करने का आह्वान किया।

### हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना से बढ़े उन्नति और समृद्धि की ओर कदम

# शोभालाल की हाईटेक नर्सरी की शोभा है टमाटर और मिर्च की खेती

जागरूक जनता jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** बाजार में उतरते चढ़ते भाव न सिर्फ उपभोक्ताओं को परेशान करते हैं बल्कि किसानों के लिये भी यह बड़ी चुनौती हैं। खेती में नवाचारों के माध्यम से अपने लागत मूल्य को कम कर एवं उत्पादन बढ़ाकर किसान काफी हद तक इसके प्रभावों से बच सकते हैं। इसी का उदाहरण हैं चित्तौड़गढ़ जिले की सुवानिया पंचायत के भवानीपुरा गांव के किसान शोभालाल। जिन्होने अपनी हाईटेक नर्सरी में टमाटर और मिर्च की खेती की जो कि आज उनकी नर्सरी की शोभा हैं।

शोभालाल 2016 से ही टमाटर की खेती कर रहे हैं लेकिन उनका तरीका पारम्परिक रहा हैं जिसमें क्यारी पद्धति से पौधे लगाकर उत्पादन लिया जाता हैं। इस पद्धति में जहां खरपतवार और मौसमी बीमारियों से फसल की लागत बढती हैं वहीं दूसरी तरफ गुणवता में कमी से बाजार में उपज का उचित दाम नहीं मिल पाता हैं। शोभालाल भी इसी चुनौती के साथ टमाटर और मिर्च की खेती करते आ रहे थे।

2022 में उन्होने हिन्दुस्तान जिंक की समाधान टीम के सहयोग से टमाटर की उन्नत खेती की शुरुआत की। जिससे उन्हे ड्रीप और मल्चिंग के प्रयोग से खरपतवार और मौसमी बीमारियों के प्रकोप को कम करने में मदद मिली। कम पानी में अधिक उत्पादन करने की यह तकनीक शोभालाल के लिये वरदान साबित हुई। समाधान परियोजना के तहत हिन्दुस्तान जिंक के सीएसआर द्वारा आसपास के क्षेत्र में किसानों को उन्नत खेती के लिये प्रेरित करने हेतु प्रशिक्षण से लेकर उन्नत खाद-बीज देने का कार्य किया जाता हैं। साथ ही समय समय पर प्रगतिशील किसानों के खेतों का अवलोकन कराकर भी अन्य किसानों को उन्नत खेती के प्रति प्रेरित किया जाता है।

शोभालाल ने नर्सरी में पौधे तैयार करने से लेकर उत्पादन तक का प्रशिक्षण समाधान परियोजना से प्राप्त किया। 3 वर्षो से उन्नत खेती कर रहे शोभालाल टमाटर, खीरा ककड़ी और शिमला मिर्च सहित ब्रोकली जैसी महंगी सब्जियों की खेती कर आमदनी को लगातार बढ़ा रहे हैं। आज शोभालाल के खेत पर उच्च गुणवता की सब्जियां पैदा हो रही हैं जिसकी बाजार में अच्छी मांग होने से भाव अच्छा मिल जाता हैं। शोभालाल का कहना है कि उन्हे हाईटेक तकनीक से सब्जियां उगाने की कोई जानकारी नही थी, लेकिन हिन्दुस्तान जिंक की समाधान परियोजना से जुड़ने के बाद उन्हे नर्सरी में पौधे तैयार करने से लेकर उत्पादन लेने तक का प्रशिक्षण मिला, जिससे वो प्रगतिशील किसानों की श्रेणी में आये, इसके लिये वो हिन्दुस्तान जिंक का आभार जताते हैं। शोभालाल द्वारा शुरु की गई उन्नत खेती को उनकी अगली पीढ़ी भी आगे बढ़ा रही हैं। इनके पुत्र सीताराम स्वरोजगार के रुप में उन्नत खेती को अपनाकर अच्छी आमदनी प्राप्त कर रहे हैं।

जागरूक जनता
www.jagrukjanta.net
विश्वसनीय समाचार पत्र
जी हाँ, यदि आपको अपने प्रतिष्ठान का व्यापार का विज्ञापन देना है तो जागरूक जनता समाचार पत्र द्वारा पूरे राजस्थान के साथ-साथ 4 अन्य राज्यों में आपका विज्ञापन प्रसारित किया जायेगा।
जो दिखेगा वही बिकेगा
आज ही बुक करें विज्ञापन



आपके व्यापार की तरक्की जागरूक जनता के साथ
विज्ञापन | क्लासीफाइड | डिस्पले | प्रॉपर्टी | वैवाहिक
विज्ञापन बुक करें: 9928022718 9829329070